

रांची, शनिवार, 14 मार्च 2026

संवत 2082, चैत्र कृष्ण 11 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 179 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ भावनाओं के सैलाब में उमड़ा इच्छा मृत्यु का निर्णय

प्रणाली राठौड़ की जिंदगी में आया प्यार ◂◂ 6


झारखंड विधानसभा का बजट सत्र

# सरकारी हेलीकॉप्टर-चार्टर विमानों के किराए व उपयोग को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकारी हेलीकॉप्टर और चार्टर विमानों के उपयोग और उनकी खरीद को लेकर सदन में जोरदार बहस हुई। विपक्षी विधायकों ने निजी एजेंसियों को अरबों रुपये के भुगतान पर सवाल उठाते हुए सरकार से अपनी विमानन सेवा शुरू करने की मांग की, जबकि सरकार ने तकनीकी और वित्तीय कारणों का हवाला देते हुए किराए के विकल्प को ही बेहतर बताया।

निजी एजेंसियों द्वारा पैसे के दोहन का आरोपः विधायक शशि भूषण मेहता ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सरकार वर्तमान में निजी एजेंसियों के माध्यम से हेलीकॉप्टर और विमानों का उपयोग कर रही है, जिसका किराया अरबों रुपये तक पहुंच जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राइवेट एजेंसियों के माध्यम से सरकारी खजाने का दोहन हो रहा है। मेहता ने सीधा सवाल किया, क्या सरकार की मंशा अपना हेलीकॉप्टर खरीदने की है ताकि जनता के पैसे की बचत हो सके।

हादसे और जवाबदेही पर घेराः बहस के दौरान शशि भूषण मेहता ने लातेहार हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि एक निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर से जुड़े हादसे में सात लोगों की अकाल मृत्यु हुई, लेकिन किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली। उन्होंने तर्क दिया,अगर सरकार का अपना हेलीकॉप्टर होता, तो जवाबदेही तय होती। मृतकों के परिजनों को कम से कम पांच करोड़ रुपये का मुआवजा मिलना चाहिए था, लेकिन कुछ नहीं मिला। उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई कि सरकार ने उसी कंपनी को फिर से संबद्धता दे दी है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने जवाब देते हुए कहा कि चतरा की घटना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि संबंधित कंपनी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है और डीजीसीए मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावितों को हर हाल में मुआवजा दिया जाएग



### सरकार का तर्क, खरीदना क्यों नहीं है फायदेमंद?

विधायक नवीन जयसवाल ने भी सरकार से एक वित्तीय वर्ष में चार्टर विमानों पर होने वाले कुल खर्च का ब्योरा मांगा और खरीद प्रक्रिया में देरी पर सवाल उठाया।

जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने स्पष्ट किया कि नया हेलीकॉप्टर खरीदना फिलहाल सरकार की प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने इसके पीछे के कारणों को विस्तार से बताया एक नए हेलीकॉप्टर की कीमत 80 करोड़ से 100 करोड़ के बीच होती है। हेलीकॉप्टर के रखरखाव, पायलटों की नियुक्ति और तकनीकी परिचालन के चलते खुद का विमान रखना काफी महंगा और जटिल सौदा है। बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्य भी अपनी जरूरतों के लिए निजी एजेंसियों से ही सेवाएं लेते हैं।

दिलचस्प बात यह रही कि जहां एक ओर विपक्ष के कुछ सदस्य खरीद की वकालत कर रहे थे, वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी सिंह ने सरकार के जवाब का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी दृष्टि से अपना विमान या हेलीकॉप्टर खरीदना और उसका रखरखाव करना लाभदायक नहीं होता, इसलिए भाड़े पर लेने की व्यवस्था ही व्यवहारिक रूप से सही है।

### सदन में उठा जेलों में 4जी/ 5जी जैमर लगाने का मुद्दा

रांची: चल रहे झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान जेलों में मोबाइल नेटवर्क पर रोक लगाने का मुद्दा सदन में उठाया गया। इस संबंध में देवेंद्र कुंवर ने सरकार से 4जी/5जी नेटवर्क को रोकने के लिए लगाए जा रहे जैमर की स्थिति पर जानकारी मांगी। सदन में बोलते हुए जुगसलाई (जुगसलाई/जरमुंडी) क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुंवर ने कहा कि पिछले विधानसभा सत्र में राज्य के वित्त मंत्री ने जानकारी दी थी कि झारखंड की जेलों में मोबाइल नेटवर्क के दुरुपयोग को रोकने के लिए 4जी और 5जी सिग्नल को बाधित करने वाले जैमर लगाए जा रहे हैं। इसके बावजूद अभी तक इस दिशा में हुई प्रगति को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। उन्होंने सरकार से पूछा कि राज्य की विभिन्न जेलों में मोबाइल नेटवर्क पर नियंत्रण के लिए अब तक कितने जैमर लगाए गए हैं और शेष जेलों में इन्हें कब तक स्थापित किया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि जेलों में मोबाइल फोन के उपयोग से कई बार आपराधिक गतिविधियों के संचालन की शिकायतें सामने आती रही हैं, इसलिए इस पर प्रभावी रोक लगाना बेहद जरूरी है। सदन में उठे इस सवाल के बाद सरकार से अपेक्षा की जा रही है कि वह जेलों में नेटवर्क जैमर लगाने की प्रक्रिया, अब तक हुए कार्य और आगे की योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेगी। इस मुद्दे को राज्य की सुरक्षा व्यवस्था और जेल प्रशासन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय माना जा रहा है।

## झारखंड में गर्मी का कहर शुरू

# सात जिलों में हीट वेव की चेतावनी

- रांची समेत कई जिलों में तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों की परेशानी बढ़ी

-15 मार्च के बाद राहत के आसार

**संवाददाता**

रांचीः झारखंड में मार्च की शुरूआत के साथ ही गर्मी ने तेज तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। राजधानी रांची समेत कई जिलों में तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने कुछ जिलों में हीट वेव की चेतावनी भी जारी की है, जबकि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई गई है। हालांकि 15 मार्च के बाद मौसम में बदलाव और हल्की बारिश से राहत मिलने की उम्मीद

राज्य में मार्च के पहले पखवाड़े में ही गर्मी का असर साफ दिखने लगा है। रांची सहित राज्य के कई जिलों में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के करीब 10 जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है और कई जगहों पर तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग 3.8 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में तापमान और बढ़ सकता है और राजधानी रांची में पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 14 और 15 मार्च को राज्य के सात जिलों में हीट वेव चलने की चेतावनी दी है। इनमें पलामू, चतरा, लातेहार, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां शामिल हैं। इन जिलों में तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और गर्म हवाएं चलने की संभावना है। सरायकेला में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं बोकारो में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पलामू और कोल्हान क्षेत्र में गर्मी का असर सबसे ज्यादा महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 15 मार्च के बाद राज्य के मौसम में बदलाव हो सकता है। 15 से 19 मार्च के बीच कई जिलों में आंशिक बादल छाने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवा, गरज और वज्रपात भी हो सकता है। 18 और 19 मार्च को रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में बादल छाने और बारिश होने की संभावना जताई गई है। बारिश होने से अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बिहार से दक्षिण ओडिशा तक बने निम्न दबाव के क्षेत्र का असर झारखंड के मौसम पर पड़ रहा है। इसके साथ ही एंटी-साइक्लोन की सक्रियता, सूखी और गर्म हवाओं का बहाव और पश्चिमी विक्षोभ की कमी के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। फरवरी में लगभग बारिश नहीं होने और आसमान साफ रहने के कारण इस बार गर्मी सामान्य से पहले शुरू हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक फिलहाल कुछ दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन मार्च के आखिरी सप्ताह में फिर से हीट वेव की स्थिति बन सकती है।



# हंसडीहा- गोड्डा रेल लाइन : रेलवे ट्रैक पर मिले दो युवकों के शव, फैली सनसनी

**संवाददाता**

**हंसडीहा/गोड्डाः** रेल लाइन पर शनिवार सुबह ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र के बबनखेता और चोरबटीया गांव के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवकों के शव रेलवे ट्रैक पर अलग-अलग जगहों पर मिले। दोनों शवों के बीच करीब एक किलोमीटर की दूरी बताई जा रही है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि दोनों युवक एक ही ट्रेन की चपेट में आए या अलग-अलग ट्रेनों से यह हादसा हुआ।

घटना की सूचना मिलने के बाद हंसडीहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। दोनों मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गांवों और लोगों से जानकारी जुटाकर शवों की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे हंसडीहा ले आई।

इसी दौरान कुछ देर बाद सूचना मिली कि उसी ट्रैक पर करीब एक किलोमीटर आगे एक और शव पड़ा है। इसके बाद पुलिस टीम फिर से मौके पर पहुंची और दूसरे शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी।



### अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में 2500 नौसैनिक और युद्धपोत भेजने का दिया आदेश

**दुबई:** अमेरिकी सेना ने मिडिल ईस्ट में 2,500 मरीन (नौसैनिक) और एक बख्तरबंद नौसैनिक युद्धपोत भेजने का आदेश दिया है। ईरान के खिलाफ युद्ध के बाद इस इलाके में अमेरिकी सेना की यह बड़ी तैनाती है। इस घोषणा के कुछ घंटों बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी फोर्स ने ईरान के खार्ग द्वीप पर सैन्य ढांचे को 'खत्म' कर दिया है और चेतावनी दी कि अगला निशाना द्वीप का तेल इंफ्रास्ट्रक्चर हो सकता है। खार्ग द्वीप तेल सप्लाई का मुख्य टर्मिनल है जो ईरान के तेल एक्सपोर्ट को हैंडल करता है। एक दिन पहले, ईरानी संसद के स्पीकर ने चेतावनी दी थी कि इस तरह के हमले से बदले की कार्रवाई का एक नया स्तर शुरू होगा। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब मैं इसे अपनी हड्डियों में महसूस करूंगा। वह विरोधियों द्वारा इस्लामिक सरकार को गिराने की संभावना को लेकर भी अधिक सावधान थे।

# सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहतीः राहुल गांधी

**एजेंसी**

नई दिल्लीः कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 50 प्रतिशत और देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा, लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ। सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एएसपी नीति दोहरा दी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर सही ठहराया गया। उनका कहना था कि इसके साथ ही एक और गंभीर सवाल है अमरीका के साथ व्यापार समझौते में गैर-टैरिफ बाधाएं घटाने की बात कही गई है। क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है। सरकार इस सवाल से भी बच रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार किसानों से किया वादा तो निभाना नहीं चाहती, अपने स्वार्थ के लिए वो भारतीय कृषि को कुर्बान करने को भी तैयार है। उन्होने कहा कि वह किसानों के अधिकार और एमएसपी की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज उठाते रहेंगे।



## हॉर्मुज से भारतीय जहाजों को ग्रीन सिग्नल, भारत में ईरानी राजदूत फतहाली बोले, इंडिया हमारा दोस्त

# देश में तेल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता घबराकर बुकिंग न करें: सुजाता शर्मा

**एजेंसी**

नई दिल्लीः फारस की खाड़ी में बढ़ते तनाव और समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता के बीच ईरान ने भारत को बड़ी राहत का संकेत दिया है। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को अहम समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से सुरक्षित रास्ता देने की दिशा में कदम उठा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ईरान का दोस्त है और इस दिशा में जल्द ही सकारात्मक स्थिति देखने को मिल सकती है। उनके इस बयान को मौजूदा हालात के बीच महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत के लिए यह समुद्री मार्ग बेहद अहम माना जाता है, क्योंकि देश के कई व्यापारिक जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं और फिलहाल भारत के 38 कार्गो शिप फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं, जिनमें तेल टैंकर भी शामिल हैं। ऐसे में ईरान की ओर से दिया गया यह संकेत भारत के लिए राहत भरा माना जा रहा है। बता दें कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को ईरान जंग शुरू होने के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से चौथी बार फोन पर बात की थी और हॉर्मुज स्ट्रेट से भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिए जाने का मामला उठाया था।

इस दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इलाके में शांति और सुरक्षा बनाए रखना सभी देशों की जिम्मेदारी है और भारत क्षेत्र में शांति स्थापना के लिए हर संभव कोशिश करेगा। इसी बातचीत के बाद ईरान ने भारत के लिए बड़ी राहत के संकेत दिए हैं। इसी बीच, केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। इसके साथ राज्य सरकारों को जमाखोरी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम जनता को कोई परेशानी न हो। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पांच मार्च की तुलना में रिफाइनरियों में एलपीजी का घरेलू उत्पादन लगभग 30 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों को राज्य सरकारों को उपलब्ध कराया गया है, ताकि जरूरत के अनुसार प्राथमिकता तय कर उनका वितरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे जिलों में ऐसे स्थान चिन्हित करें, जहां केंद्र सरकार द्वारा मंजूर अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन का वितरण किया जा सके। इसके अलावा वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोल इंडिया को छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं के लिए कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सुजाता शर्मा ने अंत में देशवासियों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और घबराकर गैस सिलेंडर या ईंधन की बुकिंग न करें, क्योंकि देश में तेल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है।



अनियंत्रित ट्रेलर ने मचाई तबाही

## बस और टेंपो में मारी टक्कर दुकानों में घुसा, दो की मौत, दर्जनों घायल

**संवाददाता**

**हजारीबागः** जिले के चरही थाना क्षेत्र स्थित चरही घाटो चौक में शनिवार सुबह भीषण सड़क दुर्घटना हुआ जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी है। ट्रेलर का ब्रेक फेल होने के कारण हुआ हादसाः मिली जानकारी के अनुसार 14 मार्च की सुबह लगभग 9:15 बजे एक ट्रेलर (आरजे 52 जीए 2501) का ब्रेक अचानक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे ट्रेलर ने आगे चल रही एक टेंपो और सागर बस (जेएच 02 बीटी 5683) को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क किनारे फल बेच रहे दुकानदार निमाडीह निवासी उदय सिंह (उम्र- 45 वर्ष), की मौत हो गयी। दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति की भी जान चली गयी, जबकि करीब 10 से 12 लोग घायल हैं।

2 घंटे बाधित रहा चरही एनएचः घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया। हादसे के कारण चरही नेशनल हाइवे पर लगभग दो घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिसके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी। समाचार लिखे जाने तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी हुई थी और पुलिस यातायात सामान्य कराने में जुटी हुई थी।



न्यूज IN ब्रीफ

## रामदास घटवार स्मृति दिवस को मेला के रूप में मनाने का निर्णय

**मुरी :** सिल्ली के गोडाडीह पंचायत अन्तर्गत खेरबेड़ा में पांच अप्रैल को स्व. रामदास घटवार की स्मृति को मेला के रुप में यादगार मनाने हेतु बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता बेनी सिंह नायक ने की। संचालन मनोज सिंह घटवार ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला में छात्र- छात्रों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। खेलकूद प्रतियोगिता में लॉग जम्प, धडा. दौड़, म्यूजिकल चेयर आदि शामिल किया जायेगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम छऊ नृत्य प्रोग्राम रखा गया है ।बैठक में ग्राम प्रधान सुखदेव बेदिया , गोपाल मुंडा, पंचम महतो, पदम महतो, मनसा राम मांझी, मंगल सिंह धटवार, रतन मुंडा, निरंजन सिंह मुंडा, कैलाश बेदिया, गदाधर बेदिया अव अन्य उपस्थित थे। इसकी सूचना मुरलीधर घटवार ने दी।

## गैस आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने का उपायुक्त ने गैस एजेंसियों को दिया निर्देश

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने गैस सिलेंडर की सप्लाई और डिमांड से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने सभी गैस एजेंसियों को अपने. अपने वितरण केंद्रों पर चौकीदार की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही गैस वितरण से संबंधित आवश्यक विवरणी कार्यालय और वाहनों पर स्पष्ट रूप से चिपकाने को कहा, जिससे उपभोक्ताओं को जरूरी जानकारी आसानी से मिल सके। उन्होंने गैस एजेंसियों को जागरूकता पोस्टर लगाने का भी निर्देश दिया, ताकि उपभोक्ता नियमों और प्रक्रियाओं से अवगत हो सकें। उपायुक्त ने आम लोगों से अपील की कि वे किसी प्रकार की अफवाह या पैनिक में न आएं और गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग मोबाइल के माध्यम से करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के घर तक होम डिलीवरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इंडेन ऑयल के सेल्स मैनेजर ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और नियमित रूप से सप्लाई जारी है। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर सहित कई गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## समाजसेवी लक्ष्मी बाखला के प्रयास से बचाए गए मानव तस्करी के शिकार दो मासूम

**खूंटी:** थाना क्षेत्र के रेवा गांव के दो मासूम बच्चे मानव तस्करी का शिकार हो गए। बच्चों को काम का लालच देकर दूसरे राज्य भेज दिया गया था। बताया जा रहा है कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बच्चे अपने घर और मां से नहीं मिल पाए हैं, जिससे परिवार काफी परेशान और दुखी है। जानकारी के अनुसार रेवा गांव का एक बच्चा जनवरी महीने में अपनी फुआ के घर खाटंगा गया था। 24 जनवरी को वह खूंटी आया और अपने एक दोस्त, जो रिश्ते में उसका भाई भी लगता है, उसे फोन कर खूंटी बुलाया। इसके बाद दोनों बच्चों को काम दिलाने के बहाने साथ ले जाया गया। बताया जा रहा है कि खाटंगा के पास शारीदकेल की रहने वाली एक महिला दुलारी, जो खूंटी के कर्रा रोड इलाके में भी रहती थी, ने दोनों बच्चों की तस्करी कर उन्हें हिमाचल प्रदेश भेज दिया। वहां बच्चों से तरह-तरह के काम करवाए जाते थे और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की जाती थी। इतना ही नहीं, बच्चों को भागने से रोकने और किसी को जानकारी न देने के लिए उनके मोबाइल और सामान भी छीन लिए गए थे। कुछ दिनों बाद किसी तरह बच्चों को एक मोबाइल मिला, जिससे उन्होंने अपनी मां को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। बच्चों ने बताया कि उन्हें छोड़ने के बदले पैसे की मांग की जा रही है और उनके साथ मारपीट भी की जा रही है। यह बात सुनकर बच्चों की विधवा मां रोते-बिलखते रेवा गांव की समाजसेवी लक्ष्मी बाखला के पास मदद के लिए पहुंची और पूरी घटना बताई। इसके बाद समाजसेवी लक्ष्मी बाखला ने पहल करते हुए तस्करी में शामिल महिला दुलारी से बातचीत की और पैसे देने की बात कही। इसी दौरान एक रणनीति बनाकर लक्ष्मी बाखला ने पुलिस से संपर्क किया। पैसे देने के बहाने जाल बिछाया गया और पुलिस की मदद से मानव तस्करी में शामिल महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही दोनों बच्चों को भी रेस्क्यू कर लिया गया। फिलहाल दोनों बच्चे हिमाचल प्रदेश के एक चाइल्ड केयर सेंटर में हैं और अपने घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बच्चों के घर नहीं पहुंचने से परिवार बेहद चिंतित है। इस पूरे मामले का खुलासा समाजसेवी लक्ष्मी बाखला और सीडब्ल्यूसी की टीम के प्रयास से हुआ।

## अज्ञात अपराधियों ने कोर्ट में गवाही देकर लौट रहे युवक को मारी गोली, मौत

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के चतरा- सिमरिया मार्ग पर धमधमा गांव के पास शुक्रवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हजारीबाग जिला के केरीडारी थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी कुशियाल साव का पुत्र करमजीत कुमार उर्फ विकास साव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक युवक नाबालिग से प्रेम प्रसंग के एक मामले में गवाही देने चतरा व्यवहार न्यायालय आया हुआ था। युवक गवाही देकर अपनी अपाची बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान एक बोलेरो पर सवार अपराधियों ने उसका पीछा करते हुए धमधमा गांव के पास युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दिया। युवक को कुल तीन गोली लगी है। हमले में मौके पर ही युवक की मौत हो गई।

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजवाया। सदर थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल घटना के पीछे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू की जांच की जा रही है। सदर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं इस संबंध में मृतक के मामा अरविंद साव और अरुण साव ने बताया कि मृतक दो वर्ष पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव की एक नाबालिग को प्रेम संबंध के कारण लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने बाद में दोनों को बरामद करते हुए युवक को जेल भेज दिया था। तीन माह तक जेल में रहने के बाद युवक बाहर आया था। इसी मामले में युवक चतरा न्यायालय में मुकदमे की तारीख पर उपस्थित हो रहा था। घटना के दिन भी केस की तारीख थी।

### चतरा: संघरी घाटी या 'मौत की घाटी'

# फिर पलटा हाइवा, चालक की दर्दनाक मौत

### तीन मासूमों के सिर से उठा पिता का साया

### मृतक के भाई ने सरकार से लगाई मुआवजे की गुहार

संवाददाता

**चतरा :** शुक्रवार की सुबह आधा दर्जन ट्रकों के आपस में टकराने के बाद आज अहले सुबह फिर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। एनटीपीसी टंडवा से फ्लाई ऐश लादकर प्रतापपुर जा रहा एक अनियंत्रित हाइवा घाटी के खतरनाक मोड़ पर पलट गया। इस हादसे ने न केवल एक ड्राइवर की जान ली, बल्कि



सिस्टम की संवेदनहीनता को भी बेनकाब कर दिया है। शनिवार तड़के जब लोग नींद से जाग रहे थे, तब संघरी घाटी में चीख-पुकार मची थी। गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी 29 वर्षीय राजेंद्र कुमार राय (पिताः सुखलाल रॉय) अपने हाइवा के साथ घाटी पार कर रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और राजेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। राजेंद्र अपने पीछे एक भरा-पूरा लेकिन अब बेसहारा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी दो छोटी बेटियां और महज एक महीने का दुधमुंहा बेटा है। राजेंद्र की मौत के बाद उनके घर में मातम छाया है। मृतक के बड़े भाई राजू कुमार राय ने सरकार से भावुक अपील करते हुए कहा, मेरा भाई चला गया, अब इन तीन छोटे बच्चों को कौन पालेगा? सरकार हमें मुआवजा दे ताकि इन अनाथ बच्चों का भरण-पोषण हो सके। विडंबना देखिए कि बीते कल ही चतरा के विधायक जनार्दन पासवान ने विधानसभा में इस 'खूनी घाटी' का मुद्दा उठाया था। लेकिन विधायक के सवाल और सरकार के आश्वासन के बीच एक और जान चली गई। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि आखिर कब तक प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहेगा? क्या हर दिन एक नई मौत का इंतजार किया जाएगा? घटना की सूचना मिलते ही चतरा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को केबिन से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। संघरी घाटी का यह मोड़ अब मौत का पर्याय बन चुका है। अगर जल्द ही सरकार ने यहाँ सुरक्षा पुख्ता नहीं की, तो न जाने कितने और मासूम अनाथ होंगे।

# अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से आईटीआई कर्मी की दर्दनाक मौत

### शव के हुए कई टुकड़े,मुआवजे की मांग को लेकर भारी बवाल, सड़क जाम

संवाददाता

**चतरा :** जिले से एक ऐसी रूह कंपा देने वाली खबर सामने आई है, जिसे सुनकर किसी का भी कलेजा फट जाए। वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के घांघरी के पास शुक्रवार की देर रात एक अज्ञात हाइवा 'काल' बनकर आया और एक बाइक सवार युवक को इतनी बेरहमी से कुचला कि शव के कई टुकड़े सड़क पर बिखर गए। इस दर्दनाक हादसे के बाद शनिवार सुबह से ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। सड़क पर बिछी लाश और इंसाफ की मांग ने चतरा-डोभी मुख्य मार्ग की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। मृतक की पहचान हंटरगंज प्रखंड के हीरिंग निवासी संजय सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संजय जोरी (बानसिंह) स्थित आईटीआई कॉलेज में अपनी ड्यूटी पूरी कर शुक्रवार की देर रात बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान घांघरी के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने उन्हें



अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजय को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी जान चली गई। सड़क पर बिखरे शव के अवशेषों को देखकर हर किसी की रूह कांप गई। हादसे की खबर मिलते ही शनिवार अहले सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण और मृतक के परिजन घटनास्थल पर जमा हो गए। उग्र ग्रामीणों ने शव को सड़क के बीचों-बीच रखकर चतरा-डोभी मुख्य पथ को पूरी तरह जाम कर दिया है। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। सबसे दुखद स्थिति उन स्कूली बच्चों की है, जिनकी बसें घंटों से इस जाम में फंसी हुई हैं और चिलचिलाती धूप में बच्चे परेशान हो रहे हैं। सूचना मिलते ही हंटरगंज के अंचल अधिकारी ऋतिक कुमार, बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह पहुंचे। परिजनो से वार्ता करते हुए अंचल अधिकारी ऋतिक कुमार ने तत्काल राहत के संबंध में बताया कि अगर मृतक बीपीएल धारी होगा तो प्रखंड कार्यालय से 20 हजार रु दिए जाएंगे। इसके अलावा आपदा राहत कोष के तहत एक लाख रु मुआवजा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हाइवा की तलाश की जा रही है। अगर पता नहीं मिला तो हिट एंड रन के तहत दो लाख रु दिया जाएगा।पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया।। चतरा की ये सड़कें अब 'खूनी सड़कें' बनती जा रही हैं, जहाँ हर दिन कोई न कोई परिवार उजड़ रहा है।

# फर्जी हस्ताक्षर से मनरेगा राशि की निकासी लाभुक ने उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

मेट्रो रेज संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा) :** मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण कार्य में मेटेरियल राशि की निकासी में फर्जी हस्ताक्षर कर गबन किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में मरकच्चो प्रखंड के बभनडीह गांव की लाभुक सलमा खातून ने कोडरमा उपायुक्त कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में लिखित आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लाभुक सलमा खातून, पति अली मोहम्मद धोबी, ग्राम बभनडीह, पंचायत चोपनाडीह ने अपने आवेदन में बताया कि वर्ष 2021.22 में मनरेगा योजना के तहत 12 फीट व्यास के कूप निर्माण कार्य (वर्क कोड 8616) स्वीकृत हुआ था, जिसकी प्राक्कलित राशि करीब 4,47,421 रुपये थी। उन्होंने बताया कि निर्माण के दौरान रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया और वेंडर से मेटेरियल की मांग करने पर उन्हें कहा गया कि सरकार से मेटेरियल की राशि अभी तक नहीं आई है। बारिश का मौसम नजदीक होने के कारण उन्होंने



कर्ज लेकर खुद ही मेटेरियल लगाकर कूप निर्माण कार्य पूरा कराया। सलमा खातून का आरोप है कि इसके बाद भी वे लगातार मेटेरियल राशि की मांग करती रहीं, लेकिन संबंधित कर्मी टालमटोल करते रहे। बाद में ग्रामीणों की मौजूदगी में उन्हें मेटेरियल के नाम पर मात्र 48 हजार रुपये दिए गए और एक वाउचर पर हस्ताक्षर भी कराया गया। साथ ही आश्वासन दिया गया कि शेष राशि सरकार से आने पर दे दी जाएगी। वर्ष 2026 में जब पंचायत में उप मुखिया को मुखिया का प्रभार मिला, तब फाइल की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। लाभुक के अनुसार 28 मार्च 2022 की तिथि में मेटेरियल के दो वाउचर लगाए गए हैं। एक 48, 613 रुपये का, जिस पर उनका हस्ताक्षर है, जबकि दूसरा 94, 518 रुपये का वाउचर भी लगा है, जिसमें उनका हस्ताक्षर फर्जी बताया गया है। लाभुक ने आरोप लगाया कि उनके नाम पर फर्जी हस्ताक्षर कर मनरेगा कर्मियों और वेंडर ने करीब 94,518 रुपये की राशि गबन कर ली। पीड़ित ने उपायुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# जेसीआई ने किया स्टील की बोतलों का वितरण

संवाददाता

**रांची :** सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, जेसीआई रांची द्वारा आज लाबेद गांव में 'बोतल वितरण' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सस्टेनेबल सिपिंग पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को हानिकारक प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर सुरक्षित और टिकाऊ स्टेनलेस स्टील की बोतलें प्रदान करना है।

लाबेद, जेसीआई रांची द्वारा गोद लिया गया एक गाँव है, जहाँ संस्था ने प्राथमिक विद्यालय, पुस्तकालय, बच्चों का खेल मैदान, पूजा स्थल एवं अन्य स्थायी परियोजनाओं का निर्माण कर गाँव के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी कार्यक्रम में आज जेसीआई रांची के सदस्यों द्वारा गाँव के बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री का भी वितरण किया गया।

इस विशेष अवसर पर जेसीआई इंडिया (क्षेत्र-ए) के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट जितेश आडवाणी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं ग्रामीणों को बोतलें वितरित कीं और शुद्ध पेयजल के महत्व पर जोर दिया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा है, बल्कि प्लास्टिक कचरे को कम करके पर्यावरण को बचाना भी है।

कार्यक्रम के दौरान जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेएफडी अभिषेक जैन ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लाबेद का हर निवासी शुद्ध और सुरक्षित जल का सेवन करे। प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर यह हमारा एक छोटा लेकिन प्रभावी कदम है।

इस सफल आयोजन में जेसीआई रांची की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें मुख्य रूप से जेएफडी अभिषेक जैन - अध्यक्ष, जेएफडी साकेत अग्रवाल - सचिव, जेसी ऋषभ जैन-कोषाध्यक्ष,खउ एचजीएफ अंकित मोदी - निदेशक (लाबेद), जेएफडी राहुल टीबरेवाल - प्रोजेक्ट चेयरमैन, खू. अभ्युदय मोदी - को-प्रोजेक्ट चेयरमैन, जेसी रौनक सिन्हा, जेसी सिद्धार्थ जैन,जेसी तरुण अग्रवाल,जेसी विशेष वशिष्ठ,जेसी अनिश जैन, जेसी मेहुल अग्रवाल शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर पथलडीहा में दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**कोडरमा :** सरस्वती विद्या मंदिर, पथलडीहा में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा गीत, संगीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर की गई, जिसने माहौल को उत्साह और भावनाओं से भर दिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं की छात्रा दिव्या कुमारी और संध्या कुमारी ने विद्यालय में बिताए वर्षों के खट्टे-मीठे अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम सुंदर यादव और निर्देशक कपिल देव सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी छात्रों को डायरी, पेन और वर्ष 2026 का कैलेंडर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के बीच भावनात्मक माहौल देखने को मिला। अंत में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक साथ ग्रुप फोटो लेकर इस यादगार पल को संजोया।

# विश्व प्लंबर दिवस पर उत्कृष्ट प्लंबर व जल सहिया हुए सम्मानित

संवाददाता

**खूंटी :** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला जल एवं स्वच्छता समिति, खूंटी द्वारा 8 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में विश्व प्लंबर दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन खूंटी उपायुक्त आर. रॉनिटा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य बताए और जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में प्लंबरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने सभी को विश्व प्लंबर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में प्लंबरों और जल सहियाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष पहली बार विश्व प्लंबर दिवस मनाया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में प्लंबर और जल सहिया अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्लंबरों को सम्मानित करते हुए उन्हें किट प्रदान की गई। साथ ही बेहतर कार्य करने वाली जल




सहियाओं को भी सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। उपायुक्त ने विलेज वॉटर सैनिटेशन कमिटी में जल सहिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्लंबर, पंप होल्डर एवं इलेक्ट्रीशियन को प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन, ग्राम स्तरीय जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन एवं रख-रखाव, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत, नल कनेक्शन ठीक करने तथा ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणाली के विभिन्न घटकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर एवं सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान जल सहियाओं ने अपने कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने अनुभव एवं सुझाव भी साझा किए। इस मौके पर जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सहित बड़ी संख्या में प्लंबर, जल सहिया और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

विधानसभा में उठा जगन्नाथपुर मौजा में बने आवासों के आवंटन का मुद्दा

# विस्थापितों को जल्द से जल्द मकान आवंटित करने की मांग

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मौजा में बने आवासों के आवंटन का मुद्दा सदन में उठाया गया। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने इस मामले को उठाते हुए सरकार से मांग की कि वहां बने मकानों को जल्द से जल्द विस्थापित परिवारों को आवंटित किया जाए, ताकि लंबे समय से इंतजार कर रहे लोगों को राहत मिल सके।

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जगन्नाथपुर मौजा में कई आवास बनकर तैयार हैं, लेकिन अब तक उनका आवंटन विस्थापितों को नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस प्रक्रिया को तेज करते हुए पात्र लाभुकों को जल्द मकान उपलब्ध कराया जाए।



इस पर जवाब देते हुए संबंधित मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन को जानकारी दी कि जगन्नाथपुर मौजा में कुल 393 मकान बनकर पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि इन मकानों के आवंटन की प्रक्रिया को लेकर पहले से सर्वेक्षण कराया गया है।

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2016 में पूर्व की सरकार के समय विस्थापित लाभुकों की सूची तैयार करने के लिए एक निजी परामर्श संस्थान से सर्वेक्षण कराया गया था। उसी सर्वे के आधार पर लाभुकों की पहचान और सूची तैयार की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि संभवतः यह पहला मौका था जब इस तरह के सर्वे के लिए किसी निजी संस्था की सेवाएं ली गई थीं।

सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि तैयार मकानों के आवंटन को लेकर आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि पात्र विस्थापित परिवारों को जल्द आवास उपलब्ध कराया जा सके। सदन में इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान विस्थापितों के पुनर्वास और आवास आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज करने पर भी जोर दिया गया।

## चैती नवरात्रः भूमि पूजन के साथ पंडाल निर्माण कार्य शुरू



**रांची:** चैती नवरात्र के अवसर पर चैती दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा द्वारा मां भवानी की पूजा का आयोजन स्थानीय काली मंदिर रोड डोरंडा में किया जा रहा है। 24 मार्च से माता की पूजा प्रारंभ होगी और 28 मार्च को विसर्जन शोभा यात्रा के साथ पूजा का समापन होगा। मां भवानी की भव्य पूजनोत्सव के निमित पूजा पंडाल का निर्माण भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। पुरोहित अजीत पाठक के सान्निध्य में यजमान राकेश पाल ने विधि विधान से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रकाश वर्मा, महेश विजय, मुकेश गुप्ता, हिमांशु शेखर दास, अरुण गुप्ता, प्रमोद चौधरी, राजकुमार पाल, देवाशीष दत्ता, विनय साव, राम वृक्ष साव, बाबू भाई, राजेश सिंह, लड्डू साव, बिनोद वर्मा, शंकर गुप्ता, रंजन नाग, शंकर राम, मनीष प्रसाद, लवेश सहित बड़ी संख्या में माता भक्त उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के मनोज वर्मा ने दी।

# आईसीएल- सीडब्ल्यूसी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल

प्रदेश व जिला पदाधिकारी होंगे शामिल

संवाददाता



**धनबादः** इंडियन कनफेडरेशन ऑफ लेबर (आईसीएल) सीडब्ल्यूसी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 15 मार्च 2026 को धनबाद में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बैठक गांधी सेवा सदन, रणधीर वर्मा चौक, धनबाद में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेश और विभिन्न जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक के दौरान संगठन से नए पदाधिकारियों को जोड़ा जाएगा तथा पुराने पदाधिकारियों को नए क्रम में समिति में चार वर्षों के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी।

दिनेश सोनी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य गरीब मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्ग के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना और उनके समाधान के लिए काम करना है। बैठक में चयनित किए जाने वाले पदाधिकारी ही झारखंड प्रदेश में संगठन के अधिकृत पदाधिकारी माने जाएंगे।

उन्होंने संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों से अपील की है कि वे सुबह 10:30 बजे तक गांधी सेवा सदन, रणधीर वर्मा चौक, धनबाद पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम का संचालन समय पर और सुचारू रूप से किया जा सके। बैठक का समय सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसके बाद सभा का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व धनबाद जिला अध्यक्ष मंटू वर्मा करेंगे।

इस संबंध में जानकारी प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने दी।

# अक्षय चौबे मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता कल, केबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा होंगे मुख्य अतिथि

**चाईबासाः** मारवाड़ी युवा मंच चाईबासा, चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, लायंस क्लब ऑफ चाईबासा एवं रोट्रैकट क्लब ऑफ चाईबासा के संयुक्त तत्वावधान में तीसरा स्व. अक्षय चौबे मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 15 मार्च को बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

स्व अक्षय चौबे इन सभी संस्थाओं में सदस्य थे एवं उनका क्रिकेट के प्रति काफी रुचि थी। जिसे ध्यान रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 2 वर्ष से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 1त मार्च को सुबह 8 बजे सभी संस्थाओं के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रायोजक राजू चौबे जी के द्वारा किया जाएगा। जिसके समापन एवं पुरुस्कार वितरण में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा होंगे. प्रतियोगिता में चारों संस्था के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे एवं यह प्रतियोगिता




टेनिस बॉल से खेली जाएगी। प्रतियोगिता का स्वरूप नॉकआउट टूर्नामेंट का रहेगा। जिसमें क्वालीफाइंग मैच 10 ओवर का खेला जाएगा एवं फाइनल मैच 12 ओवर का खेला जाएगा। प्रतियोगिता में चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कप्तान चेंबर के निवर्तमान अध्यक्ष नितीन प्रकाश, मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम के प्रायोजक राजू चौबे के द्वारा किया जाएगा।

# रांची में डिप्टी मेयर पद पर मुस्लिम प्रतिनिधित्व की उठी मांग, भाईचारे और संतुलन की कही जा रही बात

गुलाम शाहिद

रांचीः रांची नगर निगम में हाल ही में हुए चुनाव के बाद शहर की राजनीति में एक नया समीकरण बनता दिखाई दे रहा है। भाजपा समर्थित रोशनी खलखो के मेयर बनने के बाद अब डिप्टी मेयर पद को लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक वर्गों में चर्चा तेज हो गई है। रौशनी खलखो आदिवासी समाज से आती हैं, ऐसे में कई लोगों का मानना है कि नगर निगम के शीर्ष नेतृत्व में सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए डिप्टी मेयर पद किसी गैर-आदिवासी प्रतिनिधि को दिया जाना चाहिए।

रांची एक बहु-सांस्कृतिक और बहु-समुदायिक शहर है, जहां विभिन्न जाति, धर्म और वर्ग के लोग वर्षों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ रहते आए हैं। इसी सामाजिक संरचना को ध्यान में रखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के कई प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने यह मांग उठाई है कि इस बार डिप्टी मेयर पद किसी मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति को दिया जाए। उनका तर्क है कि इससे नगर निगम में सभी समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित होगी और विकास कार्यों में भी बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का कहना है कि नगर निगम शहर के विकास और प्रशासन का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। ऐसे में नेतृत्व के स्तर पर विविधता और संतुलन होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना को मजबूत करता है। यदि डिप्टी मेयर पद पर किसी मुस्लिम प्रतिनिधि को अवसर मिलता है तो इससे अल्पसंख्यक समाज में भी सकारात्मक संदेश जाएगा और शहर के विकास में उनकी भागीदारी और अधिक मजबूत होगी।राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि स्थानीय निकायों में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलना लोकतंत्र की सेहत के लिए जरूरी है। इससे न केवल समाज के अलग-अलग तबकों की आवाज प्रशासन तक पहुंचती है, बल्कि नीतियों और विकास योजनाओं में भी व्यापक दृष्टिकोण शामिल होता है। इसी संदर्भ में राज्य की सरकार से भी अपेक्षा जताई जा रही है कि वह इस विषय पर सकारात्मक पहल करे और ऐसा निर्णय ले जिससे सामाजिक संतुलन, आपसी भाईचारा और शहर के समग्र विकास को बढ़ावा मिले।

रांची जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर के लिए यह जरूरी है कि उसके प्रशासनिक ढांचे में सभी समुदायों की भागीदारी हो। इससे न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी, बल्कि शहर के विकास की प्रक्रिया भी अधिक समावेशी और प्रभावी बन सकेगी।

## अलविदा जुम्मा पर 5 वर्षीय सैय्यदा रिदा ने रखा पहला रोजा, परिवार और सहाफियों ने दी दुआएं

मेट्रो रेज संवाददाता



**रांची:** रमजान के पाक महीने के अलविदा जुम्मा के मौके पर राजधानी रांची की नन्हीं बच्ची सैय्यदा रिदा ने अपना पहला रोजा मुकम्मल कर सबका दिल जीत लिया। महज 5 वर्ष की रिदा के इस खास कदम से परिवार में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला।

रांची के बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल में केजी की छात्रा रिदा ने पूरे उत्साह और हिम्मत के साथ अपना पहला रोजा रखा और सफलतापूर्वक उसे पूरा किया। रोजा मुकम्मल होने के बाद घर में रिदा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस मौके पर उनके पिता सैय्यद रमीज जावेद समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने नन्हीं रोजेदार को फूलों की माला पहनाकर इस्तकबाल किया और उसके लिए दुआएं कीं। परिवार के लोगों ने इसे रिदा की परवरिश और उसके हौसले की खूबसूरत शुरूआत बताया। इस अवसर पर मौजूद सहाफियों ने भी नन्हीं रिदा को मुबारकबाद दी और उसके बेहतर भविष्य, अच्छी सेहत और कामयाबी के लिए दुआ की। नन्हीं रोजेदार सैय्यदा रिदा का यह पहला रोजा परिवार और परिचितों के लिए खुशी और प्रेरणा का पल बन गया।


झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।
अति अल्पकालिन निविदा सूचना –71 / 2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 20.3.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 23.3.2026 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 23.3.2026 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent repair of Intake well, Gangway Pillar, ESR Weather Coat Painting and other at Ormanjhi Block water tower campus Chakala under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 2004042.00 | 40100.00 | 5000.00 | 07 Days |
| 2 | Emergent repair of Settling Tank, Chemical house and Pump house Weather Coat Painting and other mis, Work at Ormanjhi Block water tower campus Chakala under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 1411086.00 | 28300.00 | 5000.00 | 07 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची ।

PR 374999 Drinking Water and Sanitation(25-26)D


## मंत्री हफीजुल हसन की शिरकत से सजी मो. फरीद खान की दावत-ए-इफ्तार

**रांची:** पवित्र रमजान माह के अवसर पर झामुमो के पूर्व रांची जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो. फरीद खान की ओर से रांची स्थित पार्टी पैलेस में भव्य दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी और झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम की गरिमामयी मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। दोनों अतिथियों की शिरकत से कार्यक्रम की रौनक और अहमियत और बढ़ गई।



मगरिब की अजान के साथ रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा खोला। इसके बाद देश और प्रदेश में अमन–चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ की गई तथा मगरिब की नमाज अदा की गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने रमजान के पाक महीने में भाईचारे और सौहार्द के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया। इस मौके पर मो. फरीद खान ने कहा कि रमजान का महीना सब्र, त्याग और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान हमें जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में सद्भाव बढ़ाने की प्रेरणा देता है। इफ्तार कार्यक्रम में मंत्री हफीजुल हसन अंसारी और अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के अलावा पार्षद प्रतिनिधि गुलाम सरवर रिजवी, पार्षद नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी, पार्षद सलाउद्दीन उर्फ संजू, झामुमो केंद्रीय सदस्य अश्वनी शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक–दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी।

# रसोई गैस की किल्लत से मंदिर और आश्रम की सेवा व्यवस्था प्रभावित

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित परमहंस हिन्दू रत्न से सुशोभित डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में एमआरएस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम, श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में इन दिनों रसोई गैस की कमी के कारण सेवा कार्यों में परेशानी बढ़ती जा रही है।

ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन निःशुल्क वेजिटेबल खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया जाता है, जिसमें सैकड़ों



श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। वहीं प्रत्येक रविवार को पिछले लगभग पांच वर्षों से अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोजन ग्रहण करते हैं।

उन्होंने बताया कि सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे 50 से अधिक निराश्रित प्रभुजनों को प्रतिदिन तीनों समय भोजन कराया जाता है। इसके अलावा आश्रम में सेवा दे रहे लगभग 30 से अधिक सेवादारों के भोजन की व्यवस्था भी यहीं से की जाती है। संजय सर्राफ ने कहा कि रसोई गैस की लगातार कमी से इन महत्वपूर्ण सेवा कार्यों के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि मंदिर और आश्रम में चल रहे इस सेवा कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए रसोई गैस की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ट्रस्ट द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर आश्रम में चूल्हा लगाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि भोजन सेवा बाधित न हो।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में भारतीय रिजर्व बैंक का वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अप-लिफ्ट कार्यक्रम के तहत सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में छात्र-छात्राओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक 9 से 15 मार्च तक डिजिटल भुगतान



जागरूकता सप्ताह मना रहा है, जिसका उद्देश्य डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित और जिम्मेदार बनाना तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के मनीवाइज कार्यक्रम के तहत साख फाउंडेशन के राज्य प्रमुख मनोज सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्रों को केंद्रीय बैंक की भूमिका, बैंकिंग व्यवस्था, डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता के महत्व की जानकारी दी गई। अंत में प्रतिभागियों के लिए प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।
अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –77 / 2025–26
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 24.03.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 25.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 25.03.2026 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Cleaning of RCC Water Storage Sump at Sub Division Campus, Oncology Block and Powergrid Vish ram Sadan and Cleaning of RCC/PVCwater storage tank at Hospital Building ('A' to 'D' Block), Administrative Building, College Building, OPD, Ultra Sound, Blood Bank, Super Specialty Hospital, Oncology Building, Dental College Building, Truma Centre, New Truma Centre (Central Emergency Building), Paying Ward, Cottage, Multistiried Building (New Parking), RIMS Campus, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. for the year 2026-27. | 1998056.00 | 40000.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 2. | Cleaning of water storage tank at All Boy's Hostel. All Girl's Hostel, Nursing College, GNM Nursing School & Hostel, Nurses Quarter 1 to 16, B. Sc. Nursing Hostel, Marriage Hall, Keli Bangle, Doctor's Quarter and Staff Quarter, RIMS Campus, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ra nchi. for thc year 2026-27. | 1304974.00 | 27000.00 | 2500.00 | 12 Months |
| 3. | Day to day cleaning of chocked Sewerage line, Duct, Basement and reconstruction of damaged Manhole/Inspection Chamber, RCC Cover at RIMS Campus, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. for the year 2026-27. | 1148107.00 | 23000.00 | 2500.00 | 12 Months |
| 4. | Repair and maintenance of 4 Nos. Fountains with Motor repair, colourful RGB Fountain LED lights, Nozzals and its allied work at RIMS campus, under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi for the year 2026-27. | 246146.00 | 5000.00 | 750.00 | 12 Months |
| 5. | Repair & Replacement of burnt 1.0HP to 5.0HP submersible motor pump, 5.0/7.5HP centrifugal motor pump with panel box, starter in all Ex. CM Residence, Chief Justice Residence, Chief Secretary Residence, CM Secrerariat, Suchna Bhawan, ACB Office, JPSC ofiice, DC Office, Election Commission office & other office Building under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi for the year 2026-27. | 2498597.00 | 50000.00 | 5000.00 | 12 Months |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 375011 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## अमेरिका में भारतीयों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं से उपजे सवाल

अमेरिका स्वयं को दुनिया का सबसे विकसित और सबसे बड़ा लोकतांत्रिक समाज बताता है। वह मानवाधिकार, समानता और बहुसांस्कृतिक समाज की बात भी करता है, विश्व में जहां भी अमेरिका अपनी सैन्य कार्रवाई करता है, वहां इस कार्रवाई किए जाने का कारण भी वहां के समाज पर हो रहे अत्याचार को ही अक्सर बताता है पर आज अमेरिका में ही पिछले एक दशक में भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ सामने आई हिंसक घटनाओं की लंबी श्रृंखला उसकी इस छवि पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

साल 2016 से 2026 के बीच अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ 41 बड़ी गंभीर घटनाएँ दर्ज की गई हैं। इनमें से 38 मामलों में भारतीय मूल के लोगों की मौत हुई है और 3 मामलों में लोग गंभीर हमलों से बच गए। इन घटनाओं में गोलीबारी, लूटपाट, अपहरण, संदिग्ध मौतें, सड़क दुर्घटनाएँ और नस्लीय घृणा से जुड़े हमले शामिल हैं। वस्तुतः हाल ही में 1 मार्च 2026 को टेक्सास के ऑस्टिन में हुई गोलीबारी में 21 वर्षीय भारतीय मूल की छात्रा सविता शान की मौत ने इस मुद्दे को फिर से वैश्विक चर्चा में ला दिया है। इस गोलीबारी में हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की।

इस तरह की यह घटना अकेली नहीं है, न ही ये एक अलग प्रकार का कोई प्रकरण है, बल्कि यह पिछले कई वर्षों से सामने आ रही घटनाओं की एक चिंताजनक श्रृंखला का हिस्सा है। सवाल यह है कि क्या यह केवल अपराध की घटनाएँ हैं या इसके पीछे समाज में पनप रही कोई गहरी मानसिकता भी काम कर रही है?

अमेरिका लंबे समय से भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा और करियर का सबसे बड़ा केंद्र रहा है। हर वर्ष हजारों भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए वहाँ जाते हैं, किंतु पिछले कुछ वर्षों में सामने आई घटनाएँ इस ह्लअमेरिकन ड्रीमह्व के पीछे छिपे खतरों को भी उजागर करती हैं। साल 2025 में टेक्सास में कार्तिक वेंकट साई बद्दिरेड्डी नामक छात्र की पेट्रोल पंप पर काम करते समय लूटपाट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसी वर्ष वॉशिंगटन डीसी में कोय्यादा रवि तेजा को खाना डिलीवरी करते समय लुटेरों ने गोली मार दी।

साल 2024 में जॉर्जिया में विवेक सैनी की निर्मम हत्या ने पूरे भारतीय समुदाय को झकझोर दिया। बताया गया कि वह एक बेघर व्यक्ति की मदद करता था लेकिन उसी व्यक्ति ने बाद में हथौड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसी वर्ष वरुण राज पुचा नामक छात्र को जिम में चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसे पुलिस ने संभावित हेट क्राइम माना। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अमेरिका में पढ़ने जाने वाले विदेशी छात्रों की सुरक्षा वास्तव में उतनी मजबूत है जितनी बताई जाती है?

अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई के साथ-साथ छोटे-मोटे काम भी करते हैं। गैस स्टेशन, सुविधा स्टोर, डिलीवरी सेवाएँ और रेस्टोरेंट जैसे क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की मौजूदगी काफी अधिक है और यही कार्यस्थल कई बार अपराधियों के लिए आसान निशाना बन जाते हैं।

साल 2018 में शरथ कोप्पू नामक भारतीय छात्र की रेस्टोरेंट में लूटपाट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। साल 2017 में विक्रम जरयाल को वॉशिंगटन में गैस स्टेशन पर काम करते समय गोली मार दी गई। साल 2023 में ओहायो में सैइश वीरा नामक युवक की गैस स्टेशन पर लूट के दौरान हत्या कर दी गई। वस्तुतः इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सेवा क्षेत्र में काम करने वाले प्रवासी युवाओं को अक्सर असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना पड़ता है, जहाँ अपराध की आशंका अधिक होती है।

हालाँकि सभी घटनाओं को सीधे नस्लीय घृणा से नहीं जोड़ा जा सकता पर कुछ मामलों में ऐसी मानसिकता साफ दिखाई देती है। साल 2017 में कंसास में इंजीनियर श्रीनिवास कुचिभोटला की हत्या ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आक्रोश पैदा किया था। हमलावर ने गोली चलाने से पहले कथित रूप से कहा था, ह्लअपने देश वापस जाओ।ह्व इसी तरह वॉशिंगटन में दीप राय नामक सिख व्यक्ति पर गोली चलाने वाले हमलावर ने भी विदेशी विरोधी टिप्पणी की थी। इन घटनाओं ने यह सवाल उठाया कि क्या अमेरिका के समाज में विदेशी मूल के लोगों के प्रति असहिष्णुता बढ़ रही है।

कुछ घटनाएँ इतनी भयावह थीं कि उन्होंने पूरे भारतीय समुदाय को हिला दिया। साल 2022 में कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के एक सिख परिवार-जसदीप सिंह, उनकी पत्नी जसलीन कौर, आठ महीने की बच्ची और भाई अमनदीप सिंह का अपहरण कर हत्या कर दी गई। साल 2026 में पंजाब के अवतार सिंह का कैलिफोर्निया में अपहरण कर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार यह संभवतः पहचान की गलती का मामला था।

कुछ घटनाएँ ऐसी भी हैं जिनमें मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए। 2024 में परुचुरी अभिजीत का शव जंगल में एक कार के अंदर मिला। इसी वर्ष समीर कामथ और नील आचार्य जैसे छात्रों की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई। इन घटनाओं में कुछ सड़क दुर्घटनाएँ भी शामिल हैं, लेकिन उनमें भी विवाद सामने आए।

2023 में सिएटल में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंदुला की मौत एक पुलिस वाहन की टक्कर से हो गई। बाद में एक पुलिस अधिकारी की कथित हंसी से जुड़ा ऑडियो सामने आया, जिसने इस मामले को और विवादित बना दिया। 2019 में टेक्सास में दो भारतीय छात्राओं की हिट-एंड-रन दुर्घटना में मौत हो गई थी। रिपोर्ट में तीन ऐसे मामले भी दर्ज हैं जिनमें भारतीयों पर हमला हुआ लेकिन वे बच गए। 2025 में शिकागो में एक भारतीय छात्र को कार में बैठे-बैठे गोली मार दी गई। 2024 में एक अन्य छात्र पर चार हथियारबंद लुटेरों ने हमला किया। ये घटनाएँ दिखाती हैं कि खतरा केवल जान जाने तक सीमित नहीं है।

अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की संख्या लगभग 50 लाख से अधिक है। यह समुदाय तकनीक, चिकित्सा, शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाओं ने इस समुदाय के बीच असुरक्षा की भावना को बढ़ा दिया है। भारत में भी उन परिवारों के बीच चिंता बढ़ रही है जिनके बच्चे पढ़ाई के लिए अमेरिका जाते हैं।

इन घटनाओं के बाद कई मामलों में अमेरिकी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और जांच भी की। भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास भी कई मामलों में पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आए। पर इसके बाद भी सवाल सिर्फ जांच या गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है। सवाल यह है कि क्या प्रवासी समुदायों की सुरक्षा को पर्याप्त प्राथमिकता दी जा रही है?

इस तरह से देखें तो अमेरिका में पिछले दस वर्षों में हुई इन 41 घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि प्रवासी समुदायों की सुरक्षा को लेकर अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारतीय समुदाय ने हमेशा अपनी मेहनत, ज्ञान और प्रतिभा से दुनिया में पहचान बनाई है। ऐसे में यह उम्मीद की जाती है कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली लोकतंत्र में उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलेगा। यदि ऐसा नहीं होगा तो यही समझा जाएगा कि अमेरिका की लोकतांत्रिक

# भावनाओं के सैलाब में उमड़ा इच्छा मृत्यु का निर्णय

**गकोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग और चिकित्सीय निगरानी में होंगी लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकार किया कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था लेकिन उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतहीन पीड़ा से मुक्ति दिलवाना था**

**डॉ. रमेश ठाकुर**

गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐसा भावनात्मक फैसला है जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली बार लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग और चिकित्सीय निगरानी में होंगी लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकार किया कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था लेकिन उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतहीन पीड़ा से मुक्ति दिलवाना था जिसका उन्होंने कानूनी मर्यादों में रहकर अपना फर्ज निभाया।

ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने ह्यमेडिकल बोर्डह्ल गठित करने का आदेश दिया। बोर्ड की जब रिपोर्ट पहुंची, जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है इसलिए वह इच्छा मृत्यु का हकदार है। फिलहाल, इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी।

गौरतलब है कि इच्छा मृत्यु शब्द की उत्पत्ति ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है सुखद मृत्यु। कानून में जीवन का अधिकारह्ल अनुच्छेद 21 में निहित है जो एक प्राकृतिक अधिकार भी। लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए ह्लजीवन के अधिकारह्ल की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद नहीं रूक रही। लेकिन इच्छा मृत्यु का नाम सुन कर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकोले मारने लगता है। भारतीय सभ्यता सदैव से उदारवादी मानी गई है। इस लिहाज से कोई भी व्यक्ति किसी को मरने के लिए नहीं बोल सकता। लेकिन हरीश राणा का मामला इससे अलग है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को दर्द भरे जीवन से मुक्ति दिलाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं। शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी आखिरी सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा।

बेशक ये निर्णय पहला है पर यह आखिरी हो। इसके दुरुपयोग के जोखिम कम नहीं हैं। भारत में ऐसे असंख्य मामले हैं जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छा मृत्यु की चाह लेकर अदालतों तक पहुंचने लगेंगे। इस मसले में केंद्र सरकार को समग्र कानून या कोई व्यापक व्यवस्था बनानी होगा। हालांकि, ताजा फैसले को शीर्ष कोर्ट ने 2018 के कॉमन कॉज को कानूनी रूप से पैसिव यूथेनेशिया के तहत दिया है, जिसे बार-बार नहीं दोहराया जा सकता। हरीश का ये मामला दुर्लभ श्रेणी का है।

हरीश के साथ ये दुखद घटना अगस्त 2013 में रक्षाबंधन पर्व के दिन घटी थी। तब, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में वह सिविल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र था। अचानक हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर पड़ा। गिरने के बाद उसके ब्रेन में गहरी इंजरी हुई। तब से लेकर आज तक तमाम चिकित्सीय सुविधाएं दी गईं लेकिन सभी बेअसर साबित हुईं। पिछले साढ़े 13 सालों से वह अचैत अवस्था में बिस्तर पर है। सारे डॉक्टर हार गए, कोई दवा काम नहीं आई। हार कर माता-पिता घर उसे ले आए और लाइफ सपोर्ट सिस्टम के सहारे कर दिया।

इस दौरान माता-पिता की समूची जिंदगी आर्थिक और मानसिक रूप से बेटे के स्वस्थ होने की चाह में तबाह हो गई। झूठी आस में बेटे की सेवा करते रहे लेकिन उसकी भी सीमा होती है। आखिर कब तक वह बेटे को जिंदा रखते। माता-पिता शारीरिक रूप से भी जब कमजोर होने लगे तो उन्होंने हाईकोर्ट में इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई, जो अब कहीं जाकर मंजूर हुई है।

अदालत में लंबी जिरह हुई, कोर्ट द्वारा मंगाई गई ह्यएम्स अस्पतालह्ल की रिपोर्ट जिससे साफ हुआ कि हरीश के ठीक किये जाने की कोई उम्मीद नहीं। तब, कोर्ट की पीठ ने भावुक होकर इच्छा मृत्यु पर कठोर निर्णय दिया।

दरअसल, ऐसा पड़ाव आ चुका था जिसे और लंबा नहीं खींचा जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे सम्मानपूर्वक हरीश राणा को इच्छा मृत्यु की इजाजत देकर पूर्ण कार्य किया है। कोर्ट ने कहा है कि हरीश को अपार दुख में अब और नहीं रखा जा सकता। फिलहाल, एकाध दिनों में कोर्ट के आदेशानुसार हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाया जाएगा और पूरी मानवीय प्रक्रिया निभाकर उनके शरीर को मुक्ति दिलाई जाएगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# फूहड़ कंटेंट, सोशल मीडिया और संस्कृति: जिम्मेदारी किसकी?

**दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का रूप हो सकता है।**

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

डिजिटल युग ने हमारी सामाजिक संरचना, सोच और अभिव्यक्ति के तरीकों को बदलकर रख दिया है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है- जहां पहले मनोरंजन और प्रसिद्धि के अवसर सीमित लोगों तक होते थे, अब हर व्यक्ति के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच है। लेकिन इस नए अवसर के साथ कई नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी बहस उस कंटेंट को लेकर है जिसे समाज का एक वर्ग ह्लफूहड़ह्व या ह्लअशोभनीयह्व मानता है।

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर उस तरह के वीडियो तेजी से वायरल होते देखे गए हैं जिनमें डांस, अभिनय या मनोरंजन के नाम पर ऐसे हावभाव और प्रस्तुति दिखाई जाती है जिन्हें कई लोग सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन वीडियो को लाखों व्यूज, लाइक्स और शेयर मिलते हैं, जिससे वे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचते हैं। लोकप्रियता की इस दौड़ में कई बार कंटेंट की गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है।

समाज के बड़े वर्ग का मानना है कि इस प्रकार के कंटेंट का प्रभाव विशेष रूप से युवाओं और किशोरों पर पड़ता है। जब वे देखते हैं कि कुछ लोग केवल कुछ सेकंड के वीडियो बनाकर अत्यधिक प्रसिद्धि और आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो उनके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा पैदा हो सकती है। कई बार यह प्रेरणा रचनात्मक दिशा में जाती है- जैसे संगीत, कला, नृत्य या शिक्षा से जुड़े कंटेंट बनाना। लेकिन कई मामलों में यह प्रेरणा केवल वायरल होने की दौड़ में बदल जाती है, जहां ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का तरीका अपनाया जाता है।

यह भी देखा गया है कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड और एल्गोरिद्म का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। जो कंटेंट अधिक देखा और साझा किया जाता है, वही तेजी से फैलता है। ऐसे में यदि दर्शक बार-बार उसी प्रकार के वीडियो देखते हैं जिन्हें वे स्वयं ह्लफूहड़ह्व कहते हैं तो अनजाने में वे उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा भी दे रहे होते हैं। इसलिए केवल कंटेंट बनाने वालों को दोष देना इस समस्या का पूरा समाधान नहीं है। दर्शक भी इस डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का रूप हो सकता है। इसी कारण इस विषय पर समाज में तीखी बहस देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देखते हैं।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है- क्या किसी भी प्रकार की लोकप्रियता को सफलता का मानक माना जाना चाहिए? सोशल मीडिया ने प्रसिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी कलाकार को पहचान पाने में वर्षों लग जाते थे; आज एक वायरल वीडियो किसी को रातोंरात स्टार बना सकता है। लेकिन यह त्वरित प्रसिद्धि कई बार स्थायी नहीं होती और इसके सामाजिक प्रभाव भी जटिल हो सकते हैं।

कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है।

संस्कृति की बात करें तो यह किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की देन नहीं होती। संस्कृति सदियों के अनुभव, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से बनती है। इसमें परिवर्तन भी होता रहता है क्योंकि हर युग अपने साथ नए विचार और नए रूप लेकर आता है। लेकिन परिवर्तन और अतिरेक के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। जब मनोरंजन का उद्देश्य केवल सनसनी या ध्यान आकर्षित करना बन जाए, तो समाज में यह चिंता स्वाभाविक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से दूर तो नहीं जा रहे।

इस संदर्भ में परिवार, शिक्षा और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों और युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर दिखने वाली हर चीज अनुकरण के योग्य नहीं होती। डिजिटल साक्षरता यानी यह समझ कि ऑनलाइन दुनिया कैसे काम करती है, आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। यदि युवा यह समझ पाएँ कि एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं, व्यूज और लाइक्स कैसे बढ़ते हैं और किस प्रकार का कंटेंट उन्हें प्रभावित कर सकता है तो वे अधिक जागरूक निर्णय ले सकेंगे।

कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जो लोग लाखों दर्शकों तक पहुंच रखते हैं, उनके पास समाज को प्रभावित करने की शक्ति भी होती है। यदि वे अपनी लोकप्रियता का उपयोग सकारात्मक संदेश, रचनात्मक कला और प्रेरणादायक सामग्री के लिए करें तो वही सोशल मीडिया समाज के लिए सशक्त मंच बन सकता है। कई उदाहरण ऐसे भी हैं जहां क्रिएटर्स ने शिक्षा, लोक संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बढ़ावा देने का काम किया है और लाखों लोगों को प्रभावित किया है।

इसलिए समाधान केवल विरोध या बहिष्कार में नहीं बल्कि संतुलित दृष्टिकोण में है। समाज को यह तय करना होगा कि वह किस प्रकार के कंटेंट को बढ़ावा देना चाहता है। यदि दर्शक रचनात्मक, ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध सामग्री को अधिक समर्थन देंगे, तो स्वाभाविक रूप से वही कंटेंट अधिक दिखाई देगा।

सोशल मीडिया का एल्गोरिद्म अंततः दर्शकों की पसंद पर ही निर्भर करता है।

इसके साथ ही प्लेटफॉर्म कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे मानक और नीतियाँ विकसित करें जो समाज के व्यापक हितों का ध्यान रखें। कई प्लेटफॉर्म पहले ही समुदाय दिशा-निर्देश (ङ्क्षेल्ल३८ ॅ४ीं'ल्ली२) लागू करते हैं लेकिन उनकी प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि उन्हें कितनी गंभीरता से लागू किया जाता है।

अंततः यह समझना जरूरी है कि संस्कृति की रक्षा केवल नारों या हैशटैग से नहीं होती। संस्कृति तब मजबूत होती है जब समाज अपने व्यवहार, चुनाव और प्राथमिकताओं के माध्यम से उसे जीवित रखता है। यदि हम वास्तव में अपनी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो हमें सकारात्मक विकल्पों को बढ़ावा देना होगा- चाहे वह लोक कला हो, पारंपरिक संगीत हो, साहित्य हो या आधुनिक लेकिन संवेदनशील और जिम्मेदार मनोरंजन।

सोशल मीडिया एक शक्तिशाली माध्यम है। यह समाज को जोड़ भी सकता है और भटका भी सकता है। फर्क केवल इस बात से पड़ता है कि हम इसे किस तरह उपयोग करते हैं।

यदि क्रिएटर्स जिम्मेदारी के साथ कंटेंट बनाएँ और दर्शक विवेकपूर्ण तरीके से उसे चुनें, तो यही प्लेटफॉर्म संस्कृति के संरक्षण और रचनात्मक अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा मंच बन सकता है।

आखिरकार, संस्कृति किसी एक व्यक्ति, एक वीडियो या एक ट्रेंड से न तो बनती है और न ही खत्म होती है। यह समाज की सामूहिक चेतना और निर्णयों से आकार लेती है। इसलिए यह जिम्मेदारी हम सबकी है- क्रिएटर की भी, दर्शक की भी और समाज की भी।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कलश स्थापना समेत इन खास नियमों का रखें ध्यान, बरसेगी मां दुर्गा की कृपा

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का खास धार्मिक महत्व माना जाता है। इस साल 2026 में यह पर्व 19 मार्च से 26 मार्च तक मनाया जाएगा। इन नौ पवित्र दिनों में मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए भक्तों को कुछ विशेष नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे व्रत का संकल्प पूरी श्रद्धा के साथ निभाना, विधि-विधान से कलश स्थापना करना, केवल सात्विक भोजन ग्रहण करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना और पूजा के समय शुभ रंगों के वस्त्र धारण करना। वैसे तो साल में चार बार नवरात्रि आती है लेकिन उनमें से दो खास मानी जाती है। पहली चैत्र महीने में पड़ती है और दूसरी आश्विन महीने में पड़ने वाली शारदीय नवरात्रि। ज्योतिषि के अनुसार नवरात्रि के नौ दिनों तक कुछ नियमों का पालन करने से साधक को माता दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।चैत्र नवरात्रि का व्रत शुरू करने से पहले सभी भक्तजनों को अपनी तैयारी एक दिन पहले जरुर कर लें। पूजा में इस्तेमाल किए जाने वाली सभी सामग्री जैसे कि कलश, नारियल, आम के पत्ते, लाल कपड़ा, रोली, अक्षत, फूल, दीपक और प्रसाद पहले से इकट्ठा करके रख लें। नवरात्र के पहले दिन सुबह सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करके पूजा आरंभ करें। इसके बाद मां दुर्गा का ध्यान करते हुए पूरे नौ दिनों तक व्रत और पूजा करने का संकल्प लें।

नवरात्रि के नियमों में सबसे अहम बात यह मानी जाती है कि व्रत का संकल्प लेने के बाद उसे बीच में नहीं छोड़ना चाहिए। यदि किसी कारणवश नवरात्रि के दौरान पीरियड्स भी आ जाएं, तब भी व्रत को जारी रखा जा सकता है। एक बार जब आप व्रत रखने का संकल्प ले लेते हैं, तो पूरे नौ दिनों तक श्रद्धा, आस्था और नियमों के साथ इसे निभाना चाहिए और माता दुर्गा की भक्ति में लगे रहना चाहिए।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। यह माता के आह्वान करने का प्रतीक माना जाता है। अगर आप आप नवरात्र के सभी नियमों का पालन करना चाहते हैं, तो यह बेहद जरुरी है कि कलश की स्थापना करना। आप अपने घर में नवरात्रि की प्रतिपदा के दिन विधि-विधान से कलश स्थापना करें और माता दुर्गा का पूजन करें। कलश स्थापना के बाद सुबह और शाम माता की पूजा व आरती करें। यदि आप कलश के साथ अखंड ज्योति जलाएंगी, तो इस बात का ध्यान रखें कि नौ दिनों तक प्रज्वलित रखना है। आपको घर की इस दौरान अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, यदि कोई व्यक्ति व्रत नहीं भी रखता है, तब भी नवरात्रि के दिनों में सात्विक भोजन का ही सेवन करना उचित माना जाता है। इन पवित्र दिनों में तामसिक आहार के साथ-साथ मांस और मदिरा का सेवन करने से बचना चाहिए और खान-पान को पूरी तरह शुद्ध व पवित्र रखना चाहिए। नवरात्रि के दौरान भक्तों को ब्रह्मचर्य का पालन जरुर करना चाहिए। इस समय साधक को मन, वचन, शरीर और कर्म से पवित्र रहना जरुरी है। इन नौ दिनों तक व्यक्ति को क्रोध, नकारात्मक विचार और झूठ बोलने से भी बचना चाहिए और किसी बेकसूर को परेशान नहीं करना चाहिए। नवरात्र के दौरान कपड़ों के रंग का भी विशेष ध्यान दिया जाता है। माना जाता है कि इन नौ दिनों में पूजन के दौरान आपको काले रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। माता दुर्गा की साधना के लिए लाल और पीले रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है।

## टिप्स

### एलपीजी गैस की किल्लत से हैं परेशान? इंडेकशन पर ऐसे बनाएं नरम रोटी

इस समय इंडेकशन का प्रभाव भारत में साफ नजर आ रहा है। इस दौरान देशभर में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत देखने को मिल रही है। आजकल एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी कई जगह महसूस की जा रही है। ऐसे में बहुत से घरों में इंडक्शन चूल्हे का उपयोग पहले से ज्यादा होने लगा है। हालांकि, कुछ लोगों की शिकायत रहती है कि इंडक्शन पर बनी रोटियां तवे पर सही तरह से फूलती नहीं हैं और कभी-कभी सख्त भी हो जाती हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो कुछ आसान टिप्स अपनाकर इंडक्शन चूल्हे पर भी नरम और अच्छी तरह फूली हुई रोटियां बना सकती हैं। कैसे इंडक्शन पर फूली-फूली रोटियां बनाएं, यह हम आपको इस लेख में बताएंगे।

**आटा सही से गूंथे** : अगर आप इंडक्शन पर रोटियां फुलाना चाहते हैं, तो सबसे पहले आटा को सही तरीके से गूंथें। आटा गूंथते समय थोड़ा पानी जरुर डालें और आटे को अच्छे से मसलें। आटा न ज्यादा सख्त हो और न ही बहुत ही सॉफ्ट। जब आटा आप गूंथ लें तो इसे कम से कम 15 मिनट से आधे घंटे तक रख दें, जिससे आटा अच्छे से सेट हो जाए। ऐसा करने से रोटियां ज्यादा नरम रहती है।

**तवा अच्छी तरह गर्म करें** : इंडक्शन चूल्हे पर रोटी बनाते समय सबसे पहले तवे को अच्छी तरह गरम करना जरूरी होता है। यदि तवा पर्याप्त गरम नहीं होगा, तो रोटी सही तरीके से नहीं सिकेगी। इसलिए आटा बेलकर तवे पर रखने से पहले उसे कुछ देर तक अच्छी तरह गर्म होने दें, ताकि रोटियां बेहतर तरीके से पकें।

**इंडक्शन का फ्लेम सही रखें** : इंडक्शन पर सही रोटी बनाने के लिए टेंपरेचर कंट्रोल करना जरुरी है। असल में बहुत तेज और कम हीट पर रोटी अच्छी नहीं बनती है। इसलिए मीडियम टेंपरेटर पर रोटी बनाना सबसे अच्छा होता है। इससे रोटी धीरे-धीरे पकती है औ? अच्छी तरह फूल जाती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

**न्यूज IN ब्रीफ**

## चोरी की घटना में संलिप्त एक नाबालिग की पहचान की

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगाली टोला स्थित शिव मंदिर में कुछ दिन पूर्व हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ लिया है पूछताछ के बाद उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है ।इस संबंध में नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि मंदिर में हुई चोरी की घटना में संलिप्त एक नाबालिग की पहचान की गई । थीनपुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी किए गए सामान को भी बरामद कर लिया है। इसके बाद विधि अनुसार नाबालिग को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## हेराफेरी के मामले की जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश पुलिस साहिबगंज पहुंची

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के नवभारत रोड निवासी संजय कुमार की पत्नी ममता देवी के बैंक खाते के सत्यापन के लिए आंध्र प्रदेश पुलिस साहिबगंज पहुंची आंध्र पुलिस ने नगर थाना पुलिस की सहायता से मामले की जांच की मौके पर मौजूद नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि बैंक खाते में कथित हेराफेरी के मामले की जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश पुलिस यहां पहुंची थी पुलिस टीम ने संबंधित बैंक खाते और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। उन्होंने बताया कि जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और आगे की कार्रवाई आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा की जाएगी।

## ठगी के एक पुराने मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने ठगी के एक पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में दर्ज ठगी के मामले में आरोपी अभिजीत कुमार उर्फ सोनू लंबे समय से फरार चल रहा था ।इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बिहार के बांका जिला से आरोपी को गिरफ्तार किया गिरफ्तारी के बाद उसे साहिबगंज लाया गया।पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने भुनेश्वर तुरी का किया स्वागत



**साहिबगंज/बोरियो :** बोरियो प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर तुरी को बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर तुरी ने कहा कि पार्टी स्तरीय सभी निर्देशों का पालन करेंगे एंव बूथ स्तरीय पर पार्टी का मजबूती से विस्तार करेंगे।इस मौके पर विधानसभा के भाजपा नेता सलखु सोरेन,मनीष ठाकुर,छोटेलाल सोरेन,इरसाद अंसारी,खूबलाल पंडित,छोटू कुमार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि समर्पित करें : उपायुक्त



**साहिबगंज :** अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त श्री हेमंत सती ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू की

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हबीबपुर स्थित सेंट्रल स्कूल के निकट दो पक्षों के बीच धक्का लगने को लेकर विवाद हो गया। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाना ले गई।

थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि सड़क किनारे एक कार खड़ी थी तभी एक ई-रिक्शा के धक्के को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से सतीश शर्मा और दूसरे पक्ष से दिलीप पासवान शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है और शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने दिलाई मेयर और 36 वार्ड पार्षदों को शपथ

**देवघर :** जिले के विकास भवन सभागार में शुक्रवार को संथाल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार ने देवघर नगर निगम के मेयर और सभी वार्ड पार्षद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा एवं जिला स्तर के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# मानव तस्करी एक संगठित अपराध है : विजया

संवाददाता

**देवघर :** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने शुक्रवार को दीप प्रज्वलित कर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी विरोधी) जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ सूचना भवन सभागार में किया गया। कार्यशाला में जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ उपस्थित थे।

इस दौरान मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध को रोकने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सूचना भवन के सभागार में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस विभाग, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने कहा कि मानव तस्करी एक संगठित अपराध है, जिसमें लोगों को बहला-फुसलाकर या जबरदस्ती मजदूरी, देह व्यापार या अन्य अवैध गतिविधियों में धकेल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस अपराध को रोकने के लिए समाज के हर वर्ग की जागरूकता और सहयोग आवश्यक है। आगे उन्होंने अधिकारियों व लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें कहीं भी मानव तस्करी से संबंधित कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का भी संदेश दिया।




कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए समाज को सतर्क रहने की आवश्यकता है एवं लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। साथ ही आरपीएफ के द्वारा बच्चों, महिलाओं व मानव तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी का कार्य काबिले तारीफ है इससे समाज में साकारात्मक संदेश जा रहा है एवं लोगों को उनके जिम्मेवारी का एहसास करा रहा है। आगे कार्यशाला के दौरान रेलवे के अधिकारियों ने मानव तस्करी की पहचान के संकेतों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति बच्चों या महिलाओं को संदिग्ध परिस्थितियों में ले जाता हुआ दिखाई दे, घबराया हुआ बच्चा दिखाई दे या कोई व्यक्ति गलत जानकारी दे रहा हो, तो तुरंत आरपीएफ या पुलिस को सूचना देनी चाहिए।

मौके पर उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, उप नगर आयुक्त सागरी बराल, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेष कुमार प्रियदर्शी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सरीता भारती, असिस्टेंट कमान्डेंन्ट आरपीएफ (आसनसोल) सुश्री पूनम रानी, इन्स्पैक्टर आरपीएफ जसीडीह देवनारायण, सब इंस्पैक्टर आरपीएफ जसीडीह संतोष कुमार के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, गैर सामाजिक संगठन आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में घायल सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अमन पंडित की मौत



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड की राजधानी रांची में हुए सड़क हादसे में घायल बरहरवा नगर पंचायत के सब्जीमंडी सिनेमाहॉल रोड निवासी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अमन पंडित की प.बंगाल के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने की खबर दिल को झगझोर देने वाला है,मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों 11 मार्च को राँची में सुबह लगभग 7 बजे अपने मे कमरे में लौटने के दौरान अमन को चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी,जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया था ।हादसे के बाद उन्हें रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां उनका इलाज चल रहा था।सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण सिर में खून जम चुका था हालत नाजुक थी।डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज रेफर कर दिया।इसके बाद परिजनों ने उन्हें पश्चिम बंगाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया,जहां इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई।अमन पंडित सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय थे इंस्टाग्राम पर उनके करीब 2 लाख 27 हजार फॉलोअर्स थे। इसके अलावा यूट्यूब,फेसबुक सहित कई अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उनकी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग थी।वह अपने वीडियो और कंटेंट के जरिए लोगों को खूब हंसाते थे।वीडियो बनाकर सबको हंसाने वाला अमन पंडित आज अपने चाहने वालों को रुलाकर इस दुनिया से चला गया।वो अपने साथी कलाकारों के साथ डाँस वीडियों भी बनाते थे जिससे लोग काफी प्रभावित थे।और उसे लोगों का प्यार भी मिलने लगा था।अचानक मौत की खबर से सोशल मीडिया पर भी लोग शोक व्यक्त कर रहे हैं।इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।उनके पार्थिव शरीर को निजी आवास लाया गया है।लोग भारी संख्या में अंतिम दर्शन के लिए पहुँच रहे है।

## पलाश के सहयोग से बोरियो में जेंडर रिसोर्स सेंटर का हुआ उद्घाटन



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बोरियो प्रखंड में आज पलाश के सहयोग से जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र महिलाओं के सशक्तिकरण लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है ।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बोरियो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पलाश प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।इस अवसर पर जिला प्रबंधक एसएमआईबी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बोरियो, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष तथा एसबीआई शाखा प्रबंधक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में पलाश के बीपीएम , बीएल, सीसी, आईपीआरपी, बीएलएफ के पदाधिकारी, बीएल एफ कैडर एवं बड़ी संख्या में सखी मंडल की दीदियाँ भी शामिल हुईं ।उपस्थित अतिथियों ने कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, कानूनी सहायता तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में उनकी भागीदारी को और सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।इस अवसर पर महिलाओं को लैंगिक समानता, महिला अधिकारों एवं सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में केंद्र के माध्यम से महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया।

## राजभाषा हिंदी में कार्य करना सरल है : मनीष




संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा मंडल के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में 12 और 13 मार्च 2026 को साहिबगंज रेलवे स्टेशन के सभाकक्ष में दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया. कार्यशाला में साहिबगंज रेलवे स्टेशन के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया.

कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ अनुवादक विद्यासागर राम ने अतिथियों व प्रतिभागियों के स्वागत के साथ की. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक यांत्रिक अभियंता पवन कुमार सिंहव मुख्य वक्ता के रूप में साहिबगंज कॉलेज के पूर्व प्राचार्य रामजन्म मिश्र उपस्थित थे।अपने संबोधन में पवन कुमार सिंह ने कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य करना सरल है और इसे बाध्यता नहीं बल्कि स्वेच्छा से अपनाना चाहिए।वहीं मुख्य वक्ता रामजन्म मिश्र ने हिंदी के संवैधानिक महत्व इसके उपयोग की अनिवार्यता तथा कार्यालयी कार्यों में सरल और स्पष्ट हिंदी के प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को टिप्पणी लेखन पत्राचार लेखन राजभाषा नियम व अधिनियम और कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने की विधियों की जानकारी दी गई कार्यक्रम में सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रभावी उपयोग, भाषा की सरलता स्पष्टता और शुद्धता पर विशेष जोर दिया गया।आयोजकों के अनुसार इस कार्यशाला ने कर्मचारियों को हिंदी के प्रचार-प्रसार और कार्यालयी कामकाज में इसके प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने की महिला जन सुनवाई का आयोजन



**देवघर :** जिले में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार पहल के अंतर्गत शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में महिला जन सुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान महिलाओं से जुड़े विभिन्न प्रकरणों को सुना गया। इसके अलावा जन सुनवाई में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ उपस्थिति थे।

इसके अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग आपके ।रद्व इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी समस्याएँ सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर देना तथा जमीनी स्तर पर न्याय तक उनकी पहुँच को सशक्त बनाना है।

मौके पर राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य एवं जिला स्तर के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# किशोरावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है : उपायुक्त

संवाददाता

**दुमका :** जिले के उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, दुमका की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूत संवाद कार्यक्रम का आयोजन कन्वेंशनल हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

अपने संबोधन में उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि किशोरावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है, जिसमें सही मार्गदर्शन, स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक जीवनशैली भविष्य की मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ किशोर ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उपायुक्त श्री सिन्हा ने साथिया एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूतों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर उनकी सक्रिय भागीदारी से ही स्वास्थ्य योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज तक पहुंचता है।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा द्वारा विभिन्न प्रखंडों से आए उत्कृष्ट कार्य करने वाले साथिया को सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। सिविल सर्जन, दुमका डॉ० कमलेश्वर प्रसाद ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने किशोरावस्था से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अपनाने पर बल दिया तथा विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी दी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राकेश आनंद द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के छह प्रमुख विषयों–पोषण, यौन प्रजनन स्वास्थ्य, लिंग आधारित हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, पदार्थों का दुरुपयोग तथा गैर संचारी रोग–पर संक्षिप्त जानकारी दी गई।




इसके उपरांत किशोर-किशोरियों द्वारा बाल विवाह, सोशल मीडिया के प्रभाव एवं लिंग आधारित हिंसा जैसे विषयों पर रोल प्ले प्रस्तुत किए गए, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. कमलेश्वर प्रसाद जिला अंतर्गत सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, राकेश आनंद (जिला कार्यक्रम प्रबंधक), नितेश कुमार (जिला कार्यक्रम समन्वयकझसहिया), मृत्युंजय शांडिल (क्षेत्रीय समन्वयक, बीएसआरसी), शैलेश सिन्हा (जिला समन्वयक, आरकेएसके) तथा सी-03 से गौरव झा (कार्यक्रम पदाधिकारी) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'मेरी बेटी नाना-नानी की तरह स्टाइलिश होगी'

## मसाबा गुप्ता के पोस्ट पर उर्मिला मातोंडकर ने भी दी प्रतिक्रिया



**इंडस्ट्री** में जब बात किसी ऐसे परिवार की होती है, जो अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुका हो, तो लोगों की दिलचस्पी और भी बढ़ जाती है। फिल्म इंडस्ट्री और क्रिकेट की दुनिया से जुड़ा ऐसा ही एक परिवार है, जिसमें एक तरफ दमदार अभिनय के लिए जानी जाने वाली नीना गुप्ता हैं, तो दूसरी ओर क्रिकेट इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में गिने जाने वाले विव रिचर्ड्स हैं। इन दोनों की बेटी मसाबा गुप्ता भी फैशन की दुनिया में अपना खास नाम बना चुकी हैं। हाल ही में मसाबा ने सोशल मीडिया पर अपने पिता का एक पुराना वीडियो साझा किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। मसाबा गुप्ता ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें विव रिचर्ड्स पुराने दिनों की यादों को ताजा करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह एक महिला से बातचीत करते हुए अपने क्रिकेट करियर के कुछ खास पलों के बारे में बताते दिखाई देते हैं।

## ममता कुलकर्णी ने प्रशंसकों को दिखाया अपना नया परिवार



हिंदी सिनेमा के 90 के दशक की लोकप्रिय अभिनेत्री और मॉडल ममता कुलकर्णी आए दिन सुर्खियों में बनी रहती है। हाल ही में अभिनेत्री लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन-3 शो में गेस्ट के रूप में नजर आईं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने 25 सालों के लंबे गैप के बाद टीवी पर वापसी की। ममता कुलकर्णी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जहां वह प्रशंसकों को नमस्ते करने के साथ वीडियो की शुरुआत करती हैं और लोगों को अपने परिवार से मिलाती हैं। वीडियो में अभिनेत्री अपने घर में बैठी नजर आ रही हैं, जहां उनके बालकनी में कौआ खाना खा रहा है। एक्ट्रेस ने उन्हें दिखाते हुए कहा, 'अभी हम सब मिलकर सुबह का नाश्ता कर रहे हैं, बस यही मेरी दुनिया है।' वीडियो में ममता बाल खोली काले रंग के कपड़े में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री के इस पोस्ट पर कुछ ही देर में हजारों व्यू और लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, फैंस लगातार कमेंट्स के माध्यम से एक्ट्रेस के पोस्ट पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां एक यूजर लिखता है, 'आर्यावर्त के ऋषि-मुनि आज से हजारों साल पहले भविष्यवाणी कर चुके थे कि कलयुग में नारी जाति अपने बाल खुले रखेगी।

85-90 बार

# रिजेक्ट होने के बाद निम्रत कौर को मिला था पहला काम



**निजी** जिंदगी में बड़े हादसों को झेलने के बाद पर्दे पर पहचान बनाने के लिए लंबा संघर्ष करना हिम्मतवालों का काम है और ऐसी हिम्मत व जज्बा कम ही अभिनेत्रियों में देखने को मिलता है। ऐसी ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी अभिनेत्री हैं निम्रत कौर, जिन्होंने 'द लंचबॉक्स,' 'पेडल्स,' और 'होमलैंड' जैसी फिल्मों से हॉलीवुड और बॉलीवुड में दर्शकों का दिल जीता, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अभिनेत्री की निजी जिंदगी और करियर दोनों ही मुश्किलों से भरे थे। राजस्थान के गांव में 13 मार्च को जन्मी निम्रत कौर आर्मी बैकग्राउंड से आती हैं। उनके पिता मेजर भूपिंदर सिंह भारतीय सेना में अधिकारी थे लेकिन कश्मीर में हुए एक विद्रोह में कुछ लोगों ने उन्हें किडनैप करके मौत के घाट उतार दिया था और उस वक्त निम्रत 12 साल की थी। अपने पिता को खोने का गम साथ लिए वह परिवार के साथ नोएडा शिफ्ट हो गईं, जहां उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी की। निम्रत को पहले से ही बॉलीवुड की चमक पसंद थी और अपनों की उड़ान को पूरा करने के लिए न सिर्फ मुंबई का रुख किया बल्कि थिएटर भी किया। पहले अपनी कला को निखारने के लिए अभिनेत्री ने कई नाटकों में भाग लिया लेकिन फिल्मों में आने की राह आसान नहीं थी। पैसे कमाने के लिए प्रिंट मॉडलिंग की और लेकिन काम की तलाश में उन्हें बॉलीवुड की तरफ से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। अभिनेत्री के रंग, हाइट और शारीरिक बनावट पर सवाल उठाए गए लेकिन निम्रत ने कभी हार नहीं मानी और परेशानी का सामना मजबूती से किया। उन्होंने खुद एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि काम की तलाश में रोज कई जगह भटकना पड़ता था और पहला काम 85-90 बार ऑडिशन में रिजेक्ट होने के बाद मिला था। निम्रत ने फिल्म से पहले साल 2004 में एल्बम सॉन्ग में काम किया था। उन्हें 'तेरा मेरा प्यार' और 'ये क्या हुआ' गानों में बतौर लीड देखा गया, जिसके बाद अनुराग कश्यप की वजह से उन्हें बॉलीवुड में काम करने का मौका मिला। उन्हें साल 2012 में दमदार फिल्म 'पेडलर्स' में देखा गया लेकिन असली लोकप्रियता 'द लंचबॉक्स' से मिली थी। आज निम्रत बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी पर अपनी एक्टिंग का दम दिखा रही हैं।

# 'मुंबई के लोग हिम्मत नहीं हारते'

## शान ने मायानगरी शहर की बताई खासियत



मायानगरी मुंबई को अक्सर सपनों का शहर कहा जाता है। यहां हर दिन हजारों लोग अपने सपनों को पूरा करने के लिए आते हैं। मुंबई को 'स्पिरिट ऑफ मुंबई' के नाम से भी जाना जाता है। इस शहर की इसी खासियत को मशहूर गायक शान ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान विस्तार से बताया और मुंबई के लोगों के जज्बे की दिल खोलकर तारीफ की। शान ने बातचीत करते हुए मुंबई की खास पहचान के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''मुंबई शहर हर दिन लाखों लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। लोग यहां अपने सपनों के साथ आते हैं और मेहनत के दम पर उन्हें पूरा करने की कोशिश करते हैं। यह एक ऐसा शहर है जो कभी नहीं रुकता। यहां हर दिन नई उम्मीद और नए अवसर मिलते हैं, इसलिए लोग इस शहर से गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं। शान ने मुंबई की चुनौतियों पर कहा, ''शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी दिक्कतें, ट्रैफिक, लंबा सफर और बढ़ता प्रदूषण जैसी समस्याएं मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद मुंबई के लोग हिम्मत नहीं हारते। इतनी सारी परेशानियों के बावजूद यहां के लोग खुश रहना जानते हैं। लोग अपनी जिंदगी में आने वाली चुनौतियों को मुस्कुराकर स्वीकार करते हैं और आगे बढ़ते रहते हैं। यहां के लोगों की यही सकारात्मकता पूरे देश के लिए प्रेरणा है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने मुंबई की लोकल ट्रेनों का उदाहरण देते हुए कहा, 'अगर कोई इस शहर की असली तस्वीर देखना चाहता है तो उसे एक बार लोकल ट्रेन में सफर करना चाहिए। वहां हजारों लोग रोजाना लंबी दूरी तय करते हैं, भीड़ का सामना करते हैं, और कई बार मुश्किल हालात में भी सफर करते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिलती है। यह बात मुझे काफी प्रेरित करती है। मैं भी अपनी संगीत के जरिए लोगों को खुशी देने की कोशिश करता हूं। '

'ये रिश्ता क्या कहलाता है'फेम

# प्रणाली राठौड़ की जिंदगी में आया प्यार ?




'ये रिश्ता क्या कहलाता है' शो में टीवी एक्ट्रेस प्रणाली राठौड़ इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं, जिनके सामने आते ही फैंस के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' शो में टीवी एक्ट्रेस प्रणाली राठौड़ इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं, जिनके सामने आते ही फैंस के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। इन तस्वीरों को देखकर कई लोग यह अंदाजा लगा रहे हैं कि क्या एक्ट्रेस ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने का इशारा दिया है। प्रणाली राठौड़ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक्टर आशय मिश्रा के साथ कुछ खास तस्वीरों का एक कोलाज साझा किया। इन तस्वीरों में दोनों काफी करीब नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ प्रणाली ने 'Happiest' लिखते हुए रेड हार्ट वाली इमोजी भी लगाई, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई। हालांकि अभी तक प्रणाली या आशय की ओर से रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## आईपीएल 2026: नई टीम के साथ कुछ नया बनाने की कोशिश करेंगे :ऋषभ पंत



**नई दिल्ली :** ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के नए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कप्तान पंत ने कहा कि सभी को एक-दूसरे से सीखते हुए इस सीजन के लिए कुछ नया बनाने की कोशिश करनी चाहिए। एलएसजी की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में पंत ने नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि टीम में पिछले साल के कई खिलाड़ी मौजूद हैं, जबकि कुछ नए चेहरे भी जुड़े हैं। ऐसे में सभी को आपस में बेहतर तालमेल बनाकर आगे बढ़ना होगा।पंत ने कहा, हम सबको यहां मौजूद हर खिलाड़ी से जितना संभव हो उतना सीखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर हम क्रिकेट के बारे में बातचीत नहीं करेंगे तो सुधार भी नहीं कर पाएंगे। इस सीजन के लिए हमें मिलकर कुछ बेहतर बनाने की कोशिश करनी होगी। पिछले दिसंबर में हुए मिनी ऑक्शन में लखनऊ ने कई नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। इनमें श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिन्दु हसरंगा, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नाट्र्जे, मुकुल चौधरी, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश शामिल हैं।

# इंडियन वेल्स : आर्यना सबालेंका फाइनल में, लिंडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में हराया

एजेंसी

**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया) :** विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन वेल्स मास्टर्स 2026 के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली। सबालेंका ने सेमीफाइनल में 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी शहर में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में सबालेंका का यह तीसरा फाइनल है। वह इस प्रतियोगिता का अपना पहला खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगी।




सबालेंका इस सत्र में शानदार लय में हैं। उन्होंने वर्ष के शुरूआती 16 मुकाबलों में से 15 में जीत दर्ज की है। उनकी एकमात्र हार एलेना राइबाकिना के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के फाइनल में हुई थी। खिताबी मुकाबले में सबालेंका का सामना राइबाकिना से फिर हो सकता है, यदि कजाख खिलाड़ी सेमीफाइनल में एलीना स्वितोलिना को पराजित कर देती हैं। मैच में सबालेंका ने शुरूआत से ही दबदबा बनाया। पहले सेट में उन्होंने 3-1 की बढ़त लेते हुए नोस्कोवा की सर्विस तोड़ी और बाद में 5-1 की स्थिति बना ली। हालांकि नोस्कोवा ने एक बार सबालेंका की सर्विस ब्रेक कर वापसी की कोशिश की, लेकिन शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने 5-3 पर ऐस लगाकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट के शुरूआती गेम में ही सर्विस ब्रेक सबालेंका के लिए निर्णायक साबित हुआ। 21 वर्षीय नोस्कोवा को वापसी का एक मौका मिला, लेकिन वह उसे भुना नहीं सकीं और सबालेंका ने 6-4 से सेट और मैच जीत लिया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि इस मुकाबले में उनकी सर्विस सबसे बड़ा हथियार रही। उन्होंने कहा, ह्लनोस्कोवा बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मुझे पता था कि यदि उन्हें थोड़ा भी मौका मिला तो वह उसका फायदा उठा सकती हैं।ह्व सबालेंका के करियर का यह 14वां डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल होगा और वह अब इंडियन वेल्स में अपने पहले खिताब से सिर्फ एक कदम दूर हैं।

# नई दिल्ली पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में भारत का दबदबा, 208 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा देश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 का तीन दिनों तक चला रोमांचक मुकाबला आज समाप्त हो गया। प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने कुल 208 पदक जीते, जिनमें 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में रूस 35 पदकों (15 स्वर्ण, 14 रजत और 6 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि बोस्निया और हजेर्गोविना एक स्वर्ण और दो रजत सहित कुल तीन पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। महिला 200 मीटर टी35झटी37 स्पर्धा में प्रीति पाल ने 30.26 सेकंड का



समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। रूस की करीना माचुल्स्काया 32.22 सेकंड के साथ रजत पदक पर रहीं, जबकि भारत की बीना शंभुभा ने 32.35 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह इस प्रतियोगिता में प्रीति पाल का दूसरा स्वर्ण पदक रहा। अपनी जीत पर प्रीति पाल ने कहा, ह्लमैं जिस लक्ष्य के साथ इस प्रतियोगिता में उतरी थी, उसे एक माइक्रो सेकंड से चूक गई। फिर भी प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। चार दिनों बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जाना है और अभी ऑफ-सीजन चल रहा है, इसलिए यह परिणाम अच्छा है।

उन्होंने आगे कहा, ह्लमेरा व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 30.03 सेकंड है और अभ्यास में मैं 29.6 सेकंड तक पहुंच चुकी हूं, जो उत्साहजनक है। हालांकि फिनिश लाइन के करीब आते-आते थकान महसूस होती है, जिस पर मैं काम कर रही हूं। पुरुष शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में भारत ने तीनों पदक अपने नाम किए। शुभम जुयाल ने 14.45 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि भगत सिंह ने 13.29 मीटर के साथ रजत और प्रियांश कुमार ने 13.07 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

शुभम जुयाल ने 2025 विश्व चैंपियनशिप में 13.72 मीटर का प्रदर्शन किया था और मात्र पांच महीनों में 0.73 मीटर का सुधार करते हुए उन्होंने शानदार प्रगति दिखाई। यह भारतीय सेना के पैरा खिलाड़ियों की बढ़ती ताकत को भी दशार्ता है।

ट्रैक स्पधाओं में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। पुरुष 200 मीटर टी35 में विनय ने 28.18 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभव चौधरी ने 29.49 सेकंड के साथ रजत पदक हासिल किया। हांगकांग के चुई यिउ बाओ ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 200 मीटर टी37झटी44 स्पर्धा में भी भारत ने क्लीन स्वीप किया। राकेशभाई भट्ट ने 25.20 सेकंड में स्वर्ण, सिद्धार्थ मंजू बेल्लारी ने 28.23 सेकंड में रजत और रविकिरण आसारेली ने 31.50 सेकंड में कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष 800 मीटर टी53झटी54 में भी भारत ने तीनों पदक जीते। मनोजकुमार सबापति ने 1:57.41 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मणिकंदन जोथि ने 2:11.14 में रजत और कमलकांत नायक ने 2:20.83 में कांस्य पदक अपने नाम किया।

फील्ड स्पधाओं में भी भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। पुरुष शॉट पुट एफ11झएफ12झएफ20 में प्रवीण शर्मा ने 13.31 मीटर के साथ स्वर्ण, मोनू घंगास ने 11.40 मीटर के साथ रजत और जनक सिंह हरसाना ने 11.22 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

## एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026: भारत ने सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराया, फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ंत

एजेंसी

**हैदराबाद :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026 के सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। हैदराबाद के जी. एम. सी. बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबौली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में खेले गए मुकाबले में मनीषा चौहान ने 40वें मिनट में निर्णायक गोल दागकर भारत को जीत दिलाई। अब फाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और गेंद का नियंत्रण लगातार बदलता रहा। भारत ने शुरूआती मिनटों में कुछ अच्छे सर्किल एंट्री बनाए, लेकिन इटली ने भी आक्रामक खेल दिखाते हुए गोल पर कुछ अच्छे मौके तैयार किए।

दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने खेल पर पकड़ बनानी शुरू की। मेजबान टीम ने फ्लैंकों का उपयोग करते हुए लगातार हमले किए और महत्वपूर्ण सर्किल एंट्री बनाई। 18वें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी



कॉर्नर मिला, लेकिन नवनीत कौर का शॉट इटली की गोलकीपर लूसिया इनेस कारुसो ने बेहतरीन तरीके से रोक दिया। 27वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसमें टीम ने दिलचस्प वेरिएशन खेला। गेंद वापस इंजेक्टर और कप्तान सलीमा टेटे के पास पहुंची, लेकिन उनका शॉट इटली के अंतिम डिफेंडर ने गोल लाइन पर ही रोक दिया। 29वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इस बार नवनीत कौर का शॉट निशाने से चूक गया। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में इटली ने तेज हमला बोला। एमिलिया मुनिटिस गोल के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन भारतीय गोलकीपर बिचु देवी खारीबाम ने आगे बढ़कर शानदार बचाव किया। 40वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने मौका भुनाया। मनीषा चौहान ने दमदार ड्रैगफ्लिक लगाते हुए गेंद को सीधे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

# नंदीग्राम दिवस पर ममता ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि, किसान दिवस पर किसानों के लिए योजनाओं का किया जिक्र

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को नंदीग्राम दिवस और किसान दिवस के अवसर पर नंदीग्राम, सिंगूर और नेताई सहित दुनिया भर के सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और राज्य के किसानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर अपने पोस्ट में कहा कि नंदीग्राम के कृषि भूमि आंदोलन के शहीदों की स्मृति में हर वर्ष इस दिन को ह्यकिसान दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी किसान भाइयों-बहनों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान राज्य और देश की शान हैं और वही अन्नदाता हैं, इसलिए उनकी हर जरूरत में राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ह्यकृषकबंधु (नया)ह्न योजना के तहत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना के अंतर्गत किसान, बगादार और बटाईदारों को सालाना 10 हजार रुपये दिए जाते हैं, जबकि कम जमीन वाले किसानों को न्यूनतम चार हजार रुपये की सहायता दी जाती है। यह राशि दो किस्तों में खरीफ और रबी मौसम के दौरान सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है।

मुख्यमंत्री के अनुसार, इस योजना के तहत अब तक कुल 30,051 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है और 1.14 करोड़ से अधिक किसान, बगादार और बटाईदार इससे लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब खेत मजदूरों को भी साल में दो किस्तों में चार हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और करीब 28 लाख आवेदकों के बैंक खातों में आठ मार्च से राशि भेजना शुरू कर दिया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि ह्यकृषकबंधु (मृत्युजनित सहायता)ह्न योजना के तहत 1.70 लाख से अधिक किसान परिवारों को लाभ मिला है और इस मद में 3,419 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ह्यबांग्ला शस्य बीमा योजनाह्न के तहत बीमा प्रीमियम का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करती है। अब तक 1.15 करोड़ किसानों को 4,005 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया है।

इसके अलावा कृषि यंत्रीकरण परियोजना के तहत 6.01 लाख से अधिक कृषि उपकरण किसानों में वितरित किए गए हैं और 1,321 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। राज्य में 2,525 कृषि यंत्र किराया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसलों की कम कीमत पर बिक्री रोकने के लिए राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद रही है और इस वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी राज्य सरकार किसानों के साथ इसी तरह खड़ी रहेगी।

### रिश्वत मांगने व लेने का पुख्ता सबूत हो तो गवाहों के पक्षद्रोही होने का प्रभाव नहीं पड़ता

**जयपुर :** राजस्थान उच्च न्यायालय ने कहा है कि रिश्वत केस में विश्वसनीय पुख्ता सबूत हों तो फिर शिकायतकर्ता व गवाह मामले में अपने बयानों से पलटकर पक्षद्रोही हो गए हों तो वह प्रभावहीन ही माना जाएगा। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने जेवीवीएनएल के एक सहायक अभियंता व उसके सहयोगी की रिश्वतखोरी के मामले में ट्रायल कोर्ट से मिली सजा को बरकरार रखा है। जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर ने यह आदेश पृथ्वीलाल मीणा व हेमराज की अपील को खारिज करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद वॉइस रिकॉर्डिंग में शिकायतकर्ताओं और आरोपित के बीच रिश्वत की मांग और राशि तय करने से जुड़ी बातचीत दर्ज थी। ऐसे में अभियोजन ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, ट्रैप कार्यवाही और बरामदगी के जरिए रिश्वत की मांग व मंजूरी को साबित किया है। वहीं हाईकोर्ट ने माना कि सह-आरोपित ने सहायक अभियंता के निर्देश पर रिश्वत की राशि स्वीकार की थी और वह केवल एक मिडिलमैन के रूप में कार्य कर रहा था। ऐसे में मध्यस्थ के जरिए रिश्वत लेना भी अपराध है। अपील में अभियुक्तों ने कहा कि ट्रायल के दौरान शिकायतकर्ता अपने पूर्व बयानों से मुकर गए और उन्होंने अभियोजन का समर्थन नहीं किया है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### उप्र में सात आईपीएस और इतने ही आईएइस के साथ चार पीसीएस का तबादला

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार की देर रात को सात आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। इससे कुछ घंटे पहले सात आईएएस, चार पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया था शासन ने चार जिलों के पुलिस कप्तान समेत सात आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। डॉ. बृजेश कुमार सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं से पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक लखनऊ, फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को पुलिस मुख्यालय लखनऊ संबद्ध किया है। कासगंज की पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं बनाया है। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर, ओमप्रकाश सिंह प्रथम को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक लखनऊ से पुलिस अधीक्षक कासगंज, अभिनव त्यागी को अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर से पुलिस अधीक्षक भदोही और पाटिल निमिष दशरथ को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर भेजा गया हैं। तबादले के क्रम में लोक निर्माण विभाग के सचिव प्रकाश बिंदु को गृह विभाग भेजा गया है। प्रतीक्षा रात चल रहे लोकेशन को पीडब्ल्यूडी में सचिव का पदभार सौंपा गया है। महेंद्र प्रसाद को उत्तर प्रदेश पुनर्गठन सामान्य विभाग का विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक नीना शर्मा को सार्वजनिक उद्यम विभाग का प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक बनाया गया है। इनके अलावा सार्वजनिक उद्यम के महानिदेशक संजय कुमार को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के निदेशक बनाया है। धर्मार्थ कार्य विभाग की विशेष सचिव रघुवीर को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का विषय सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार को धर्मार्थ कर विभाग में विशेष सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

शासन ने चार पीसीएस अधिकारियों का तबादला भी किया है। इनमें झांसी मैं उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय को उप जिलाधिकारी गोंडा बनाया गया है। सुरेंद्र कुमार को मथुरा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के पद से मुक्त करते हुए अपर आयुक्त कानपुर मंडल, वेद प्रिय आर्य को उप जिलाधिकारी जालौन से हटाकर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मथुरा और गुलाब सिंह को विशेष कार्य अधिकारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण झांसी से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कुशीनगर भेजा है।

### कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में आज से आयोजित दो दिवसीय एग्री टेक मिलन में शामिल होंगे पूर्व विद्यार्थी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा आज शनिवार से दो दिवसीय आयोजित एल्युमिनाई मीट ह्वएग्री टेक मिलन 2026 में महाविद्यालय के पांच सौ से अधिक पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस एल्युमिनाई मीट में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अन्य राज्यों से लगभग ढ़ाई सौ भूतपूर्व विद्यार्थियों के आने की संभावना है। इस अवसर पर दो दिवसीय प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मेला भी आयोजित किया जाएगा जिसमें कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न किसानोपयोगी नवीन प्रौद्यौगिकियां प्रदर्शित की जाएंगी। एग्री टेक मिलन 2026 का शुभारंभ आज प्रात: 11 बजे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। समारोह की अध्यक्षता कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा करेंगे। इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, निदेशकगण, कुलसचिव एवं छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा ने बताया की महाविद्यालय में पहली बार एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विगत लगभग 30 वर्षों में कृषि अभियांत्रिकी की पढ़ाई कर चुके 500 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

## समृद्धि यात्रा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बेगूसराय और शेखपुरा जिलों का करेंगे भ्रमण




एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के क्रम में आज बेगूसराय और शेखपुरा जिलों में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री सबसे बहले बेगूसराय जिला पहुंचेंगे। जहां 165 करोड़ रुपये की लागत से 211 योजनाओं का उद्घाटन तथा 109 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही जिलांतर्गत क्रियान्वित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे और आम नागरिकों के साथ जनसंवाद भी होगा।

इसके बाद मुख्यमंत्री शेखपुरा जिला पहुंचेंगे। जहां मुख्यमंत्री के द्वारा 144 करोड़ रुपये की लागत से 120 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारम्भ तथा 62 करोड़ रुपये की लागत से 196 योजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान जिलांतर्गत संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी और स्थानीय लोगों के साथ जनसंवाद भी आयोजित होगा।

### ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**मीरजापुर :** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर शुक्रवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। महोगढ़ी गांव के पास ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार गलरा गांव निवासी हिंछलाल का 27 वर्षीय पुत्र भीमराज शुक्रवार रात करीब आठ बजे बाइक से अपने घर लौट रहा था। महोगढ़ी गांव के पास आगे चल रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी बाइक टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर एसआई विनोद कुमार सिंह व पुनीत कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और घायल युवक को एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजवाया। एम्बुलेंस चालक मंगला प्रसाद व ईएमटी कन्हैयालाल पाल ने तत्परता दिखाते हुए युवक को आधे घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सक विमल कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## राजस्थान के कई शहरों में बादल, 14-15 मार्च को आंधी-बारिश का अलर्ट

एजेंसी

**जयपुर:** राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार को बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट आ गई। चूरू, अलवर, कोटा, पिलानी समेत कई शहरों में पारा चार डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। शेखावाटी अंचल में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे मापा गया, जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 14 मार्च को पांच जिलों में बादल छाने, धूलभरी हवाएं चलने और हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 15 मार्च को 18 जिलों में आंधी और बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। राज्य के कई जिलों बीकानेर, श्रीगंगानगर,



हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, नागौर और अलवर में शुक्रवार दोपहर बाद बादल छाए रहे। चूरू, सीकर और झुंझुनूं सहित कई शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। राज्य में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 39.6 डिग्री सेल्सियस मापा गया। इसके अलावा जोधपुर में 38.1 डिग्री, पाली में 38.2 डिग्री, कोटा व चित्तौड़गढ़ में 37.6 डिग्री, वनस्थली (टोंक) में 37.2 डिग्री, भीलवाड़ा व अजमेर में 36 डिग्री, उदयपुर व जैसलमेर में 36.4 डिग्री, बारां व जालोर में 36.5 डिग्री, प्रतापगढ़ में 36.3 डिग्री, सिरोही में 35.6 डिग्री और बीकानेर में 35 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया। दो दिन से बादल छाए रहने के कारण शेखावाटी के सभी शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। झुंझुनूं में 32.6 डिग्री, सीकर में 32.7 डिग्री, पिलानी में 34.2 डिग्री, श्रीगंगानगर में 33.3 डिग्री और हनुमानगढ़ में 30.2 डिग्री तापमान मापा गया। जयपुर में भी पिछले दो दिनों से तापमान में मामूली गिरावट आई है। यहां अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस रहा और दोपहर से शाम तक बादल छाए रहे।

## मुख्यमंत्री साय आज बिलासपुर से करेंगे 'गौधाम योजना' का शुभारंभ




**रायपुर :** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में निराश्रित और घुमंतू गौवंश के संरक्षण तथा उनके समुचित व्यवस्थापन के लिए ह्नगौधाम योजनाह्व की शुरूआत की जा रही है। इस योजना का औपचारिक शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शनिवार को बिलासपुर जिले के गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रेक्षागार में आयोजित कार्यक्रम से करेंगे। योजना के अंतर्गत राज्य के अन्य जिलों में भी 29 गौधामों का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। उल्लखेनीय है कि गौधाम योजना के तहत राज्य के प्रत्येक विकासखंड में 10 गौधाम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार पूरे राज्य में कुल 1460 गौधाम स्थापित किए जाएंगे, जहां गौवंश के लिए शेड, फेंसिंग, पेयजल, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योजना के अंतर्गत वर्तमान में शासन द्वारा 36 गौधामों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इनमें से 29 गौधामों का पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में हो चुका है। इन गौधामों का औपचारिक शुभारंभ 14 मार्च 2026 को बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के ग्राम लाखासार से मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।इस अवसर पर 10 अन्य जिलों में स्थित 28 गौधामों का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। गौधाम योजना का मुख्य उद्देश्य निराश्रित, घुमंतू और जप्त किए गए गौवंश पशुओं का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है।

## विधानसभा चुनाव : पश्चिम मेदिनीपुर में तृणमूल-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला

एजेंसी



**मेदिनीपुर :** पश्चिम बंगाल के महत्वपूर्ण राजनीतिक जिलों में शामिल पश्चिम मिदनापुर की 19 विधानसभा सीटों पर आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज होती दिख रही है। जिले की अधिकांश सीटों पर मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच माना जाता है, जबकि कुछ क्षेत्रों में वाम दल भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश करते हैं। कांग्रेस किसी भी क्षेत्र में कोई विशेष प्रभाव डालने में सक्षम नहीं दिख रही है। 2021 के विधानसभा चुनाव के आंकड़ों के अनुसार जिले में लगभग 45 लाख से अधिक मतदाता हैं और मतदान प्रतिशत करीब 88 प्रतिशत दर्ज किया गया था। जिले में कुल 19 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 13 सामान्य, तीन अनुसूचित जाति तथा तीन अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। जंगलमहल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नयाग्राम, गोपीबल्लभपुर, झाड़ग्राम और बिनपुर जैसे क्षेत्रों में आदिवासी मतदाताओं का प्रभाव अधिक है। इन क्षेत्रों में विकास, सड़क, सुरक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे चुनावी राजनीति को प्रभावित करते हैं। दूसरी ओर गड़बेता, सालबोनी और केशपुर जैसे क्षेत्र पहले वामपंथी राजनीति के मजबूत केंद्र माने जाते थे, लेकिन वर्तमान समय में यहां तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव अधिक दिखाई देता है। हालांकि इन क्षेत्रों में विपक्ष में मुख्यतः भाजपा भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटा हुआ है। जिले के शहरी क्षेत्रों में शामिल मेदिनीपुर और खड़गपुर सदर विधानसभा सीटों पर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अपेक्षाकृत अधिक देखी जाती है। 2021 के चुनाव में खड़गपुर सदर सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी, जिसके बाद यह सीट राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार जिले की कुछ सीटें आगामी चुनाव में बेहद प्रतिस्पर्धी हो सकती हैं। चुनाव विश्लेषक संजय दास ने कहा कि, ह्लपश्चिम मेदिनीपुर की कुछ सीटें आगामी चुनाव में बेहद निर्णायक साबित हो सकती हैं। इनमें खड़गपुर, घाटाल, दांतन और नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र प्रमुख हैं।

इन सीटों पर पिछले चुनाव में जीत का अंतर अपेक्षाकृत कम रहा था, जिसके कारण आगामी चुनाव में यहां कड़ा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह आज सीहोर जिले के प्रवास पर, ₹दिशा₹ की बैठक में होंगे शामिल

**भोपाल :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शनिवार को मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां कलेक्ट्रेट में आयोजित ₹दिशा₹ की बैठक में शामिल होंगे और विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी देवेन्द्र ओगारे ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सीहोर जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे जिला विकास एवं समन्वय समिति ₹दिशा₹ की बैठक आयोजित की जा गई है। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। साथ ही योजनाओं के प्रभावी संचालन, समस्याओं के निराकरण तथा विकास कार्यों में तेजी लाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। बैठक के पश्चात केन्द्रीय मंत्री चौहान शाम 04:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मप्र: मुख्यमंत्री आज कटनी जिले के प्रवास पर, बरही में किसान सम्मेलन में होंगे शामिल

- ✔ 242.22 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण का करेंगे शुभारंभ

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शनिवार को कटनी जिले के प्रवास पर बरही (विजयराघवगढ़) में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 243.22 करोड़ रुपये के निर्माण व विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बरही के बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ करेंगे और बरही के बड़े तालाब से श्री विजयनाथ धाम मंदिर प्रांगण सभा स्थल तक आभार रैली में शामिल होंगें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान सम्मेलन में कृषि एवं उससे संबंधित विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। वे प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, सुपर सीडर, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, स्व-सहायता समूह बैंक योजना और रिस्पोंसिबल टूरिज्म होम स्टे से लाभान्वित 7 हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

### तमिलनाडु: धीरे-धीरे बढ़ रहा तापमान, हल्की बारिश की संभावना

**चेन्नई :** तमिलनाडु में पिछले सप्ताह से तापमान का प्रभाव धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान करूर में 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद वेल्लोर में 37.2°C, सेलम में 37.2°C, मदुरै में 37°C, तिरुचिरापल्ली (त्रिची) में 36.0त्ड, ईरोड में 36.8 °C, धर्मपुरी में 36.5°C और तिरुपत्तूर में 35.7°C तापमान दर्ज किया गया।

चेन्नई में अधिकतम तापमान मीनाम्बक्कम में 34.3°C और नुंगमबक्कम में 32.3°C दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में भी तापमान का प्रभाव इसी तरह बना रह सकता है और कुछ स्थानों पर तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है।

तमिलनाडु में हल्की बारिश की संभावना

इस बीच लक्षद्वीप और उससे सटे कन्याकुमारी समुद्री क्षेत्र के ऊपर वायुमंडल के निचले स्तर में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसी तरह मन्नार की खाड़ी और उससे जुड़े क्षेत्रों के ऊपर भी एक और निम्न स्तरीय चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है।

इसके कारण 14 और 15 मार्च को रामनाथपुरम और तूतीकोरिन (थूथुकुडी) जिलों में हल्की फुहार पड़ने की संभावना है। वहीं तमिलनाडु के अन्य हिस्सों में मौसम ज्यादातर शुष्क रहने की संभावना है। यह जानकारी चेन्नई मौसम विभाग ने दी है। इसके अलावा 16 मार्च को भी रामनाथपुरम और थूथुकुडी जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। 17 मार्च को दक्षिण तमिलनाडु और उत्तर के आंतरिक जिलों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हालांकि उत्तर तटीय तमिलनाडु में अधिकतर स्थानों पर शुष्क मौसम रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान के मामले में आने वाले दिनों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन कुछ स्थानों पर तापमान बढ़ सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी ज्यादा परिवर्तन की संभावना नहीं है। चेन्नई और आसपास के क्षेत्रों में आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रह सकता है, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। यहां अधिकतम तापमान लगभग 34त्ड और न्यूनतम तापमान लगभग 25त्ड रहने का अनुमान है, ऐसा चेन्नई मौसम विभाग ने बताया है।

## मप्र: साल की पहली नेशनल लोक अदालत आज, 1388 खंडपीठों में होगी 5 लाख प्रकर ों की सुनवाई

एजेंसी



**भोपाल :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार, मध्य प्रदेश में आज शनिवार को उच्च न्यायालय से लेकर जिला एव तहसील न्यायालयों में साल 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश भर में 1388 पीठ बनाई गई है. जिनमें पांच लाख से अधिक प्रकरणों की सुनवाई होगी। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने बताया कि ₹नेशनल लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों व अन्य न्यायालयों में किया जाएगा। इसमें कोर्ट में लंबित दीवानी और आपराधिक शमनीय प्रकरणों के साथ ही ट्रैफिक चालान, बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर और संपत्तिकर से जुड़े प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए पूरे प्रदेश में कुल 1388 खंडपीठों का गठन किया गया है। इनमें उच्च न्यायालय की तीन पीठों में आठ खंडपीठ और जिला न्यायालयों में 1380 खंडपीठ शामिल है। इन खंडपीठों के समक्ष लगभग दो लाख 30 हजार से अधिक लंबित प्रकरणों और तीन लाख 20 हजार से अधिक प्री-लिटिगेशन मामलों को विचार के लिए रखा गया है। लोक अदालत की विशेषता यह है कि इसमें प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया जाता है। मामलों के निराकरण पर पक्षकारों को कोर्ट फीस भी वापस मिलती है और इसमें किसी भी पक्ष की हार या जीत नहीं होती, साथ ही लोक अदालत के निर्णय के खिलाफ किसी प्रकार की अपील या रिवीजन का प्रावधान नहीं होता। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने सभी पक्षकारों से अपील की है कि जो लोग अपने न्यायालयीन या प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी समझौते से समाधान कराना चाहते हैं, वे संबंधित न्यायालय, हाईकोर्ट, लीगल सर्विस कमेटी (विधिक सेवा समिति) या डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस कमेटी (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) से संपर्क करें, ताकि उनके मामलों का निराकरण इस नेशनल लोक अदालत में किया जा सके।

### पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने के बाद सांबा में व्यापक तलाशी अभियान जारी

**जम्मू :** पाकिस्तानी ड्रोन के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद शनिवार को सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के कई अग्रिम गांवों में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात रामगढ़ सेक्टर के कंद्राल, अबताल और बहादुरपुर गांवों के ऊपर कुछ मिनटों के लिए पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधि देखी गई। उन्होंने बताया कि इलाके को कड़ी निगरानी में रखा गया और सुबह होते ही व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीमा पार से हथियारों या नशीले पदार्थों की हवाई तस्करी न हुई हो। पिछले दो दिनों में यहां आर एस पुरा सेक्टर के सीमावर्ती गांवों में ड्रोन द्वारा हेरोइन की खेप गिराए जाने के बाद सुरक्षा बलों ने 20 करोड़ रुपये से अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य की 3.5 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। शुक्रवार को आर एस पुरा सेक्टर में हुई ताजा बरामदगी के संबंध में दो संदिग्ध नशीले पदार्थों के तस्करों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### डिजनीलैंड मेले का नगर परिषद अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**साहिबगंज :** शहर के पोखरिया टाउन हॉल के समीप स्थित मौदान में शुक्रवार की शाम को डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान,उपाध्यक्ष विनीता देवी,वार्ड नंबर 20 की पार्षद दीपा देवी,वार्ड पार्षद चमरू उरांव एवं वार्ड पार्षद सीमा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।जहां इस दौरान उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ सभी लोगों ने नारियल फोड़कर मेला का शुभारंभ किया।उधर सभी जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके मेले का उद्घाटन किया।वही मेला प्रबंधक रंजीत कुमार साह ने सभी अतिथियो को बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजनीलैंड मेले में इस बार आकर्षण का केंद्र जलपरी शो रहेगा।जहां मेले में कई अन्य तरह के आर्कषक झूलों के साथ साथ कई अन्य दुकान भी लगे हैं जिसका आनंद स्थानीय लोग ले सकते हैं।वही मेले में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है।मौके पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव,कांग्रेसी नेता बास्की यादव,गोपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वार्ड पार्षदों और रामनवमी कमेटी पदाधिकारियों का होगा भव्य सम्मान

मेदिनीनगर : शुक्रवार देर शाम आयोजित बैठक में खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप ने आगामी रामनवमी उत्सव को लेकर कई महत्वपूर्ण और सराहनीय निर्णय लिए।बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि ने की जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि मंच से जुड़े तथा क्षेत्र से निर्वाचित वार्ड पार्षदों को भव्य समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।इस निर्णय को सामाजिक एकजुटता और जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है।

बैठक में यह भी घोषित किया गया कि मंच के वरिष्ठ सदस्य अमित सिन्हा को इस वर्ष रामनवमी उत्सव कमेटी का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।मंच ने भरोसा जताया कि उनके अनुभव और सक्रियता से आयोजन को नई ऊँचाई मिलेगी।

बैठक में बताया गया कि मंच से जुड़े कई सदस्य या उनके परिवारजन हाल ही में वार्ड पार्षद के रूप में निर्वाचित हुए हैं।इनमें मनोज सिंह,नवीन गुप्ता,बिल्लू सिंह की धर्मपत्नी, गुरवीर सिंह गोलू के भाई,धीरेन्द्र पाण्डेय तथा रविशंकर की धर्मपत्नी शामिल हैं।मंच ने निर्णय लिया कि इन सभी जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित कर उनके प्रति समाज का आभार व्यक्त किया जाएगा।

इसके साथ ही मंच अपनी परंपरा को निभाते हुए रामनवमी कमेटी के अध्यक्ष मंगल सिंह तथा पूरी रामनवमी कमेटी को भी रविवार को सम्मानित करेगा।मंच का मानना है कि धार्मिक आयोजनों की सफलता में कमेटी के कार्यकताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और उनका सम्मान समाज की जिम्मेदारी है।

रामनवमी उत्सव के दौरान सेवा कार्यों पर भी विशेष जोर दिया गया है।बैठक में तय हुआ कि अष्टमी के दिन सुबह मंच द्वारा एक सेवा स्टॉल लगाया जाएगा, जहां रामभक्तों के लिए पेयजल,बिस्किट,ग्लूकोज पानी और लीची रस का वितरण किया जाएगा।भीषण गर्मी को देखते हुए इस पहल को अत्यंत उपयोगी और मानवीय कदम माना जा रहा है।

बैठक में मंच के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी नवीन तिवारी, कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा,सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार ह्यटिंकूह्ण, बिजय गुप्ता,अरविंद अग्रवाल,चंदन पाल सिंह सहित कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।सभी ने एकजुट होकर सफल और भव्य आयोजन का संकल्प लिया।

कुल मिलाकर, खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप का यह निर्णय न केवल धार्मिक उत्सव को भव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है बल्कि सामाजिक समरसता,सेवा भावना और जनप्रतिनिधियों के सम्मान की मिसाल भी पेश करता है।

### हिन्दू नववर्ष यात्रा को लेकर आज ध्वज पूजन

**जमशेदपुर :** हिन्दू उत्सव समिति जमशेदपुर द्वारा आयोजित हिन्दू नववर्ष यात्रा के तहत शनिवार को डिमना ट्रांसपोर्ट नगर मैदान, मानगो में ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम शाम 4 बजे से धार्मिक विधि-विधान से होगा।

### सात श्रमिकों की मौत मामले में मानवाधिकार आयोग ने जवाब मांगा

**गुरुग्राम/जमशेदपुर :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एसटीपी की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से सात श्रमिकों की मौत की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है। शुक्रवार को आयोग ने हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव और गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के आदेश दिए गए।सिधरावली गांव स्थित सिग्नेचर ग्लोबल सिटी ऑफ कलर्स कॉलोनी में सोमवार देर रात निमार्णाधीन प्रोजेक्ट के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की खुदाई करने के दौरान अचानक मिट्टी ढह गई। इस मलबे की चपेट में आने से 11 मजदूर दब गए थे। सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतकों में से छह श्रमिक झारखंड के रहने वाले थे। एनएचआरसी ने मीडिया रिपोर्ट्स पर गौर करते हुए कहा है कि यदि खबरें सही हैं तो यह सीधे तौर पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। आयोग ने यह संकेत दिया है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई, जिसकी वजह से निर्दोष मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना ठेकेदार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस तरह के हादसों में जान जाना प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है।इलाज और आर्थिक सहायता की जानकारी मांगीआयोग ने अपनी नोटिस में स्पष्ट रूप से तीन मुख्य जानकारियां मांगी हैं। हादसे में घायल हुए मजदूरों के स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति और उन्हें दिया जा रहा उपचार। अब तक हुई पुलिस और प्रशासनिक जांच का विवरण और दोषियों पर की गई कार्रवाई। मृतक मजदूरों के परिजनों और घायलों को दी की गई आर्थिक सहायता या मुआवजे का ब्योरा भी मांगा गया है। आयोग ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि अगले 14 दिनों के भीतर यह रिपोर्ट पेश की जाए।दो लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारीहादसे के बाद पुलिस ने बिल्डर कंपनी, ठेकेदार सहित अन्य छह लोगों के लिए मंगलवार को बिलासपुर थाने में मामला दर्ज किया था।

# डायन हत्या रोकें, बाल शोषण और नशे के कारोबार से बच्चों को बचाएं : जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद

संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड हाई कोर्ट के वरीय न्यायाधीश, झालसा के अध्यक्ष सह पूर्वी सिंहभूम न्याय मंडल के अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने डायन हत्या, गायब बच्चों की बरामदगी के बाद उनके पुनर्वास, बच्चों के यौन उत्पीड़न और उन्हें नशे एवं ड्रग्स की तस्करी के धंधे से उन्हें बचाने को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। वे सिदगोड़ा टाउन हॉल में झालसा और डालसा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत और राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस प्रसाद ने डायन हत्या को लेकर सभी महिलाओं से अपील की कि इस कुरीति को जल्द रोकने की आवश्यकता है, क्योंकि यह अंधविश्वास है।



और आज किसी और महिला के साथ ऐसा हो रहा है, संभव है कल उनके साथ भी ऐसी घटना हो जाए। जस्टिस प्रसाद ने काम के लिए जाने वाले या सामान्य स्थिति में गायब हो जाने वाले बच्चों के मामलों को भी गंभीर घटना करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने बच्चों को काम के लिए बाहर भेजते हैं, लेकिन वे इस बात पर भी निगाह रखें कि उनका शोषण नहीं हो। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को खोजने पर सरकार का काफी पैसा खर्च होता है। इसलिए जिला प्रशासन उनके पुनर्वास की व्यवस्था जेएसएलपीएस के माध्यम से जोड़कर करे, ताकि उन्हें यहीं पर रोजगार हासिल हो और उनका पलायन रुके। इसके अलावा उन्होंने यौन उत्पीड़न के मामलों में भी लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों को छिपाना भी कानूनन जुर्म है। इसलिए अगर ऐसे मामले सामने आते हैं तो उन्हें पुलिस के पास केस दर्ज कराना चाहिए। वर्तमान में गांजा और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी से बच्चों को जोड़ने की घटनाओं पर उन्होंने चिंता जताई और कहा कि इस तरह के मामले सामने आने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। क्योंकि ऐसी घटनाओं से बच्चों का भविष्य खराब हो सकता है। इससे पूर्व न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने हाई कोर्ट के ही जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, प्रधान जिला जज अरविंद पांडे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और प्रभारी एसपी सह ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग के साथ शिविर का संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने इस मौके पर सभी जिलों में डालसा की ओर से आयोजित विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर अनेक लाभुकों को मुआवजा और योजनाओं के चेक प्रदान किए गए। कुल मिलाकर एक करोड़ 42 लख रुपए से अधिक की परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## श्रीकुंड एवं आहूतग्राम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने की मांग

### विधायक निसात आलम ने झारखंड विधानसभा में उठाया मामला मंत्री को भी दिया ज्ञापन

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवाः** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने झारखंड विधानसभा में मामला उठाया एवं विभागीय मंत्री से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौपा मिली जानकारी के अनुसार अंतर्गत बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीकुंड एवं आहुतग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहमतपुर में डॉक्टर, एएनएम की तथा पारामेडिकल कर्मी की प्रतिनियुक्ति को लेकर जिले के उपायुक्त ने पद सृजित कर राज्य मुख्यालय को भेज दिया है



विधायक ने बताया कि दोनों स्थानों पर अस्पताल के भवन बनकर तैयार है। यहां पर डॉक्टर, पारामेडिकल स्टाफ एवं एएनएम की प्रतिनियुक्ति अगर हो जाती है तो यह अस्पताल आम लोगों को लिए चालू हो जाएगा और लोगों को पश्चिम बंगाल अन्य स्थानों पर इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा मामले को लेकर विभागीय मंत्री और अपर मुख्य सचिव ने दोनों ही लोगों ने जल्द आवश्यक पहल करने का भरोसा देते हुए कहा की रिपोर्ट जिला के उपायुक्त से मंगवा लिया गया है जल्द ही दोनों अस्पताल को चालू करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में जो भी अस्पताल बनकर तैयार है और डॉक्टरों की कमी है उसे दूर करने के लिए भी विभागीय मंत्री से वार्ता किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि हमारे पाकुड विधानसभा क्षेत्र में जो भी डॉक्टरों की कमी है उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## मनोज सिंह निर्विरोध मेदिनीनगर नगर निगम के डिप्टी मेयर बने



मेट्रो रेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम में डिप्टी मेयर पद के लिए हुए चुनाव में मनोज सिंह निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। उनके नामांकन के खिलाफ किसी अन्य उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उन्हें बिना मतदान के ही डिप्टी मेयर घोषित कर दिया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगर निगम परिसर में पार्षदों और समर्थकों की मौजूदगी रही। निर्वाचन पदाधिकारी ने औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि डिप्टी मेयर पद के लिए केवल मनोज सिंह का ही नामांकन वैध पाया गया, इसलिए उन्हें निर्विरोध विजेता घोषित किया गया।

डिप्टी मेयर बनने के बाद मनोज सिंह ने सभी पार्षदों और नगर निगम के जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क-नाली निर्माण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए वे सभी के सहयोग से काम करेंगे। नगर निगम के कई पार्षदों और स्थानीय नेताओं ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

### बागबेड़ा कॉलोनी में खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की मांग

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की मांग उठी है।
पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने इस सिलसिले में पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर महीनों से स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण रात में अंधेरा रहता है, जिससे चोरी और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है।
मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला परिषद अध्यक्ष ने जमशेदपुर प्रखंड के बीडीओ सुमित प्रकाश को जल्द मरम्मत कराने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि खराब लाइटों की सूची तैयार कर शीघ्र मरम्मत कराई जाएगी।

## प्रोफेसर डॉ राधेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर भोजन किया गया वितरण



संवाददाता

**चक्रधरपुर :** जननायक समिति के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन परिसर के निकट प्रोफेसर डॉ राधेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर उनके परिजनों के द्वारा व्यापक रूप से वृद्ध, असहाय व प्रभु जनों के बीच रात्रि बेला में भोजन वितरण किया गया। इस भोजन वितरण कार्यक्रम में उपस्थित उनके पुत्र जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विकास कुमार मिश्रा ने कहा कि - जननायक समिति के तत्वावधान में भोजन वितरण करने के पश्चात लोगों के साथ आत्म अनुभूति और प्रसन्नता होती है इनके बीच उपस्थित होकर भोजन का वितरण उत्कृष्ट कार्य है इसके लिए जननायक समिति बधाई का पात्र है।इस अवसर पर भगेरिया फाउंडेशन के प्रमुख विनोद भगेरिया ने कहा कि - शिक्षा जगत के प्रमुख स्तंभ कार प्रोफेसर डॉ राधेश्वर मिश्रा का शिक्षा जगत में अतुलनीय योगदान है और परिजनों के द्वारा उनके पुण्यतिथि पर भोजन वितरण कार्यक्रम सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर जया आस्था भी मुख्य रूप से उपस्थित थी।

## बकरी चोरी गिरोह की तलाश में जुटी पुलिस, महिला भी है गिरोह में शामिल

संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोविंदपुर के साउथ गेट इलाके में कार से बकरियों की चोरी करने वाले गिरोह की तलाश में पुलिस जुट गई है। जांच के दौरान पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह में एक महिला भी शामिल है, जो पूरे गिरोह की सरगना हो सकती है। इसी आधार पर पुलिस मामले की जांच आगे बढ़ा रही है। जानकारी के अनुसार, साउथ गेट में चर रही बकरियों को कार सवार लोगों ने चोरी कर लिया था। हालांकि भागने के दौरान उनकी कार एक हाइवा से टकरा गई, जिसके बाद आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।इस मामले में गोविंदपुर थाना में दीपू रानी के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।दीपू रानी की पांच बकरियां साउथ गेट के पास चर रही थीं। इसी दौरान रांची नंबर की एक कार वहां आकर रुकी। कार सवार लोगों ने पहले आसपास का जायजा लिया और फिर बकरियों को पकड़कर जबरन कार की डिक्की में लाद लिया और वहां से भाग निकले।बताया जाता है कि चोरी के बाद आरोपी तेज गति से भाग रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी कार एक हाइवा से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार की डिक्की खुल गई, जिसमें रखी पांचों बकरियां दिखाई देने लगीं। दुर्घटना के बाद घबराए आरोपी कार को वहीं छोड़कर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। बाद में पुलिस भी पहुंची और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। कार से बरामद बकरियों को सुरक्षित उनके मालिक को सौंप दिया गया।पुलिस कार के नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। साथ ही बकरी चोरी गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में कुछ अहम सुराग मिले हैं और जल्द ही इस मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चक्रधरपुर नगर परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष सन्नी उरांव ने ली शपथ

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** शनिवार को चक्रधरपुर नगर परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष सन्नी उरांव को डीसी चंदन कुमार ने नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के निमित्त आज पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त श्री चंदन कुमार के नेतृत्व में चक्रधरपुर नगर परिषद के निर्वाचित अध्यक्ष और 23 वार्ड के पार्षदों द्वारा पद और गोपनीयता का शपथ दिलाई गया।समारोह में सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद क्षेत्र के विकास, पारदर्शिता और जनहित में कार्य करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नवचयनित अध्यक्ष व पार्षदों को बधाई दी और नगर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने की उम्मीद जताई। आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सन्नी उरांव ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। शपथ लेने के बाद उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस भरोसे पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।इस अवसर पर उनके समर्थक, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्हें बधाई दी। शपथ ग्रहण के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया।

